दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 7 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2078 वर्ष-12 अंक-28 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

बिना किसी नए कर का साढ़े तीन हजार करोड़ का सरप्लस बजट पेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने कार्यकाल का अंतिम बजट इस उम्मीद के साथ पेश कर दिया कि धान का कटोरा कहा जाना वाला छत्तीसगढ़ अब धन का कटोरा बनने जा रहा है। लगभग 1 लाख 21 हजार करोड़ के बजट में कोई नया कर नहीं लगाया है, बल्कि साढ़े 3 हजार करोड़ सरप्लस बजट पेश किया गया। सवा घंटे के बजट भाषण में न तो मुख्यमंत्री ने एक गिलास पानी पिया और नहीं विपक्ष ने कोई टोकाटोकी की, अलबत्ता बजट भाषण खत्म होने के बाद अध्यक्षीय आसंदी से घोषणा हो गई कि सदन आगामी 13 मार्च तक के लिए स्थगित किया जाता है। इसके बाद विपक्ष की ओर से उठे वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कटौती प्रस्ताव की बात की, जिस पर आसंदी ने कहा कि आप कल तक भी दे सकते हैं। बहरहाल सदन में विपक्ष ने बजट पर कोई टीका टिप्पणी नहीं की, लेकिन बाहर निकलते ही बजट को घोर निराशाजनक और जनविरोधी बताना शुरू कर दिया। विपक्ष ने बजट को जीरो नंबर दिया। हालांकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बार चुनाव के लिहाज से गांव-गरीब, किसान पर केंद्रित इस बजट में जो सबसे अलग किया वो ये है भाजपा के हिंदुत्व की धार को भोथरा करने के लिहाज से अंतरर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की घोषणा भी इस बजट में कर दी। जिस प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा सरकार को घेर रही है, उसी पीएम आवास के लिए सरकार ने 3 हजार 238 करोड़ का प्रावधान भी कर दिया है। धान के कटोरे को धन का कटोरा बनाने की उनकी घोषणा का लब्बोलवाब ये है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी किसान, भूमिहीन खेतीहर मजदूरों के लिए उनके मानदेय में वृद्धि कर दी।



बजट एक नजर में (राशि करोड़ में)

मद	2022-23 (बजट अनुमान)	2023-24 (बजट अनुमान)
कुल आय	1,04,000	1,21,501
कुल व्यय	1,04,000	1,21,500
राजस्व व्यय	88,372	1,02,501
पूंजीगत व्यय	15,241	18,660
राजस्व आधिक्य	702	3500
सकल वित्तीय घाटा	14,600	5,200

छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग से रंगे ब्रीफकेस से निकला भरोसे का बजट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। बजट प्रस्तुत करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा जिस ब्रीफ केस का उपयोग किया गया है, उसमें छत्तीसगढ़ी सभ्यता, संस्कृति और छत्तीसगढ़ सरकार की परंपरा एवं संस्कृति के प्रति प्राथमिकता की झलक देखने को मिलती है। बजट ब्रीफकेस की डिजाइन सुदूर वनांचल क्षेत्र की विश्व विख्यात भित्तिचित्र कला द्वारा तैयार किया गया है। बजट ब्रीफकेस के फ्रंट साइड में छत्तीसगढ़ महतारी का भित्ति चित्र बनाया गया है, जो कि मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति आस्था और प्रेम को दर्शाता है, साथ ही यह संदेश भी देता है की बजट छत्तीसगढ़ महतारी की ममता के समान सभी व्यक्ति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे तैयार किया गया बजट ब्रीफकेस

बजट ब्रीफकेस में अंकित भित्ति चित्र छत्तीसगढ़ के शहरी गौठान में निर्मित गोबर पेंट से बनाया गया है। राज्य के 2 शहरों रायपुर एवं अंबिकापुर में में स्थित शहरी गौठान में गोबर पेंट का निर्माण का व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ किया गया है। गौठान में निर्मित इमल्शन में वाटर कलर पिगमेंट मिलाकर यह कलाकृति सरगुजा के ग्राम सुखरी के भित्ति चित्र कलाकार द्वारा तैयार की गई है। कलाकृति युक्त गोबर पेंट से निर्मित भित्ति चित्र वाले बजट पर ब्रीफ केस को तैयार करने में 15 दिन का समय लगा है एवं 09 विभिन्न रंगों का प्रयोग कलाकार द्वारा किया गया है।

गोबर पेंट विश्व विख्यात हो रहा

यह बजट ब्रीफकेस छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान प्राथमिकताओं को दर्शाने में कामयाब रहा है राज्य शासन की प्राथमिकताओं में गौठान को केंद्रित करते हुए ग्रामीण एवं शहरी आजीविका पार्क खोले जा रहे हैं एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कला सरकार की प्राथमिकताओं का विषय भी रहा है, गौठानों में निर्मित यह गोबर पेंट विश्व विख्यात हो रहा है, साथ ही सरगुजा का भित्ति चित्र भी विश्व विख्यात है, यह सरकार की प्राथमिकताओं को प्रदर्शित करता है। विगत वर्षों मुख्यमंत्री द्वारा कोसा, बस्तर आर्ट, गोबर के ब्रीफकेस आदि का उपयोग बजट ब्रीफकेस में किया गया है।

ग्रामीण परिवेश को दर्शाया

भित्ति चित्र एक ऐसी परम्परा है जो छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित करती है। रजवार भित्ति चित्र कला के माध्यम से प्रकृति व ग्रामीण परिवेश को दर्शाया जाता है। इसमें प्लाइवुड, नारियल रस्सी, मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है,आखिरी में नेचुरल कलर्स से पेंट किया जाता है। गोबर से पेंट बनाने में 30 प्रतिशत गोबर का प्रयोग किया जाता है, गोबर से तैयार घोल को ब्लीच कर पेंट तैयार करने हेतु कुछ अन्य घटक मिलाकर बेस इमल्सन तैयार होता है, जिसमे पिगमेंट मिलाकर किसी भी कलर का इमलसन, डिस्टेंपर तैयार किया जाता है।

बजट में प्रमुख घोषणाएं

- रीपा की शहरी क्षेत्र में भी होगी स्थापना
- 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाएंगे
- नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो।
- मनेन्द्रगढ़, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम में नवीन मेडिकल कॉलेज।
- उद्यानिकी प्रयोगों के प्रदर्शन के लिए नवा रायपुर में सेंटर ऑफ एक्सलेंस की होगी स्थापना।
- 5 नए जिलों में उप-संचालक कृषि कार्यालय की स्थापना।
- धमधा में शास बीज प्रसंस्करण केंद्र हेतु प्रावधान।
- पशु चिकित्सा दतरेंगा रायपुर में राज्य पशु चिकित्सा के लिए प्रावधान।
- मनेंद्रगढ़ जांजगीर कवर्धा और गीदम में नए मेडिकल कॉलेज

बजट समाचार अंतिम पृष्ठ पर भी देखे

पत्रवार्ता

धान का कटोरा अब धन का कटोरा : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। बजट के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा ये उनके कार्यकाल का अंतिम बजट गांव-गरीब- और किसान के अलावा सभी वर्ग के लोगों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की नियमितीकरण और पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर उठे सवाल के जवाब में श्री बघेल ने कहा कि अभी हमारे पास समय है। कर्मचारी नेताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। विधानसभा का एक सत्र और है, जिसमें पत्रकार सुरक्षा कानून को भी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के बारे में बजट में विचार किया गया है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बजट भाषण के दरमियान विपक्ष के किसी सदस्य ने टोका टाकी नहीं की। साढ़े 3 हजार करोड़ के सरप्लस बजट को लेकर उठे सवाल के जवाब में श्री बघेल ने कहा कि यह हमारा वित्तीय प्रबंधन है, कि बिना किसी नए कर के हमने साढ़े 3 हजार करोड़ का सरप्लस बजट पेश किया है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र को लेकर किए गए सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि जितने भी मेडिकल कॉलेजों की घोषणा की गई है, वह सभी शहरों में ही है और वैसे भी नगरीय निकायों के लिए 1 हजार करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि यह बजट सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए है। नरवा-गरवा-घुरूवा-बारी को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गो के लिए संतुलित बजट है। विपक्ष के इस आरोप पर कि बजट में कर्मचारियों का नियमितीकरण, पीएम आवास का कोई उल्लेख नहीं होने को लेकर सीएम ने कहा विपक्ष का काम विपक्ष ने किया।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की प्रतिक्रिया

भूपेश सरकार ने बजट प्रस्तुत होने से पहले कहा है कि ये भरोसे का बजट है तो क्या पहले के चार बजट विश्वास योग्य नहीं थे? क्या वह जनता को ठगने का बजट था? जब ये सरकार साढ़े चार साल में कुछ नहीं कर पाई तो 6 महीने में क्या कर पाएगी? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने अपने अंतिम बजट में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। हम इस बजट को शून्य नंबर देते है। गरीबों के आवास, संविदा कर्मियों, अनियमित कर्मचारियों का नियमितिकरण जैसे मसलों को सरकार ने हवा में उड़ा दिया। नारायण चंदेल ने कहा कि वैसे भी विपक्ष सरकार के खिलाफ जनता के हितों के लिए सड़क की लड़ाई लड़ता रहेगा।

धोखे का बजट : डॉ. रमन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में अपने शासनकाल का अंतिम बजट पेश किया इस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए इस बजट को धोखे का बजट बताया उन्होंने कहा कि यह बजट सिर्फचुनाव पर आधारित है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बजट से पूर्व ट्वीट करते हुए छत्तीसगढ़ की बजट से आकांक्षाओं का उल्लेख किया उन्होंने लिखा कि क्या दाऊ आज अपने अंतिम बजट में घोषणापत्र से अपेक्षित जन-आकाँक्षाओं को पूरा करेंगे? जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने किसानों को 2 साल का बकाया बोनस, पूर्ण शराबबंदी, किसान पेंशन, 10 लाख बेरोजगारों को 2500 भत्ता पर प्रश्न उठाया इसके उपरांत बजट पेश होते हुए उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों को लेकर सीएम भूपेश बघेल पर प्रहार किया और कहा कि आज अपना काल्पनिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खुशहाली और समृद्धि का बजट

आज प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि यह बजट अर्थव्यवस्था की मजबूती, बेहतर वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन का बेहतरीन नमूना है। भविष्य की ठोस बुनियाद के साथ आम जनता की समृद्धि और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पवित्र मन का बजट : राजेन्द्र

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज विधानसभा में पेश किये गए पांचवे बजट को पावन बजट करार दिया है। राजेंद्र ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की जनता के कल्याण के लिए पवित्र मन से बनाया गया बजट है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस पावन बजट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वादा खिलाफी का बजट : अरुण साव

आज राज्य की कांग्रेस सरकार का बजट विधानसभा में पेश हुआ है। यह भरोसे का नही बल्कि वादाखिलाफी का बजट है, इस बजट से साफ है कि कांग्रेस द्वारा सभी वर्गों को धोखा देने का काम किया जा रहा है। सरकार के पास 4 साल थे, चाहती तो अपने घोषणा पत्र के पूरे 36 वादे पूरे कर सकती थी। लेकिन भरोसे के नाम पर जनता के साथ धोखा किया है

आज बेबाक

विपक्षी पार्टियों को एकजूट करने के अभियान को पहला झटका बसपा सुप्रीमो मायावती ने दिया था। जिन्होने लोकसभा चुनाव में किसी भी दल के साथ गठबंधन न कर अपनी खिचड़ी अलग पकाने की घोषणा की थी। अब उनके ही नक्शे कदम पर चलते हुए टीएमसी सुप्रीमो व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भी एकला चलो रे की नीती का पालन करने का एलान कर दिया है। मायावती और ममता की इस निर्ममता के कारण विपक्षी पार्टियों के उन क्षेत्रीय क्षत्रपों की उम्मीदों पर घड़ों पानी फिर गया है जो मुंगेरी लाल की तरह प्रधानमंत्री बनने का हसीन सपना देख रहे थे।

जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई ने राबड़ी से 4 घंटे की पूछताछ

पटना (एजेंसी)। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई ने सोमवार सुबह से बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंची। करीब 4 घंटे तक तक सीबीआई के अफ सर आवास पर रहे। राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम आवास से निकल गई। दिल्ली में आज मंगलवार को लालू यादव और मीसा भारती से पूछताछ कर सकती है। इसके बाद राबड़ी देवी विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचीं। छोटे बेटे और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आए और उन्हें ले गए। सीबीआई की पूछताछ के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। ये सब चलते रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 12 अफ सरों की टीम 2 से 3 गाड़ियों में उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची थी। इसके विरोध में आरजेडी नेता और कार्यकर्ता आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया है। सीबीआई ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा को पेश होने के आदेश दिए गए हैं। सुबह जब टीम राबड़ी के घर पहुंची तो उस वक्त बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, लेकिन बाद में वे विधानसभा के लिए निकल गए। मीडिया रिपोर्ट्स ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन न केवल नए अस्पतालों को जन्म दे रहा है बल्कि एक नया और पूर्ण स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र भी बना रहा है। मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट पश्चात एक वेबिनार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अनुसंधान को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा उपचार को सस्ता बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आयुष्मान भारत और जन औषधि योजनाओं ने गरीबों और मध्यम वर्ग के रोगियों के एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। उन्होंने कहा कि आज फार्मा क्षेत्र का बाजार चार लाख करोड़ रुपए है। यह निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के बीच उचित समन्वय के साथ 10 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित 12 बजट पश्चात वेबिनार की श्रृंखला में यह नौवां है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल को कोविड महामारी से पहले और बाद की प्रणालियों के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महामारी से स्वास्थ्य पर वैश्विक ध्यान केंद्रित हुआ और भारत एक कदम आगे बढ़ा तथा कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने कहा, हमने दुनिया के सामने एक विजन रखा है- एक धरती एक स्वास्थ्य। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक जेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सिसोदिया को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। सोमवार को हुई सुनवाई में स्पेशल सीबीआई जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। सीबीआई के वकील ने कहा कि सिसोदिया की और रिमांड नहीं मांगी जा रही है, लेकिन अगले 15 दिनों में जरूरत पड़ने पर दोबारा कस्टडी मांगी जा सकती है। 4 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया की सीबीआई रिमांड दो दिन 6 मार्च तक के लिए बढ़ा दी थी, जो सोमवार को खत्म हो गई। हालांकि, सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को दोपहर 2 बजे फैसला सुनाएगा। सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 27 फरवरी को उनकी कोर्ट में पेशी हुई थी, यहां से सिसोदिया को 5 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई के रिमांड मांगने पर सवाल किया था कि अब क्या बाकी रह गया है। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा था कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अभी उनसे कई सवालों के जवाब लेने हैं। कुछ गवाहों से उनका आमना-सामना कराना है। अपनी सफाई में सिसोदिया ने आरोप लगाया था कि अधिकारी मुझसे एक ही सवाल बार-बार पूछते हैं। इससे मुझे मानसिक प्रताड़ना महसूस हो रही है। मेरी कोर्ट से अपील है कि मुझे इससे बचाया जाए।

संपादकीय

फिर निशाने पर केन्द्रीय एजेंसियां

एक बार फिर विपक्षी पार्टी के नेताओं ने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग जैसी केन्द्रीय एजेंसियों पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। वैसे तो जब भी भ्रष्टाचार के आरोप में किसी विपक्षी नेता के खिलाफ कार्यवाही होती है तो सभी विपक्षी नेता मिले सुर मेरा तुम्हारा की तर्ज पर केन्द्रीय एजेंसियों के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर देते है और केन्द्र सरकार पर इन केन्द्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाने लगते है। निर्वाचन आयोग भी इनके निशाने पर आता रहता है। महाराष्ट्र में शिवसेना का चुनाव चिन्ह और पार्टी का नाम एकनाथ शिंदे को देने के चुनाव आयोग के फैसले से शिवसेना उद्धव गुट इस कदर नाराज हुआ है कि अभी तक वह चुनाव आयोग पर लगातार आरोप लगा रहा है। उद्धव ठाकरे के साथी संजय राऊत ने तो चुनाव आयोग के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी तक कर डाली है। इस बीच नई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई की कार्यवाही को लेकर भी आम आदमी पार्टी लगातार न सिर्फ विरोध प्रदर्शन कर रही है बल्कि केन्द्र सरकार पर भी कई तरह के आरोप लगा रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से लेकर संजय सिंह सहित आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं ने सीबीआई की कार्यवाही को बदले की भावना से प्रेरित कार्यवाही बताकर केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। अब आम आदमी पार्टी ने नौ विपक्षी पार्टियों के नेताओं को साथ लेकर केन्द्रीय एजेंसियों के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बेनर्जी समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, शरद पवार, डॉ फारूख अब्दुल्ला और उद्धव ठाकरे सहित नौ विपक्षी नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र भेजा है जिसमें मनीष सिसोदिया को बेगुनाह बताते हुए आरोप लगाया गया है कि केन्द्र सरकार सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं का उपयोग विपक्षी पार्टियों के नेताओं के खिलाफ कर रही है जबकि भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं के खिलाफ ये एजेंसियां कोई कार्यवाही नहीं करती। गौरतलब है कि इस पत्र में हस्ताक्षर करने वाले अधिकांश नेताओं के खिलाफ भी सीबीआई और ईडी की कार्यवाही हो रही है। यही वजह है कि अब ये सभी एक जुट होकर केन्द्रीय एजेंसियों की खिलाफत कर रहे है। यदि इन एजेंसियों का वाकई दुरूपयोग हो रहा है तो न्यायालय में तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मनीष सिसोदिया के मामले को ही ले लें जिनके खिलाफ सीबीआई ने शराब घोटाले को लेकर कार्यवाही की है और अब ईडी भी कार्यवाही करने जा रही है। यदि मनीष सिसोदिया ने कुछ नहीं किया है और वे बेगुनाह है तो उन्हे और उनके समर्थकों को डरने की क्या जरूरत है। सीबीआई और ईडी तो उन्हे सजा नहीं देंगी। मामले का निपटारा तो न्यायालय में ही होगा, इसलिए केन्द्रीय एजेंसियों की कार्यवाही को लेकर विधिवा विलाप करने वाले इन विपक्षी नेताओं को न्यायालय पर भरोसा रखना चाहिए।

कांग्रेस के बुनियाद में है सामाजिक न्याय

डॉ. संजय शुक्ला

हाल के राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो देश में आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक असमानता की खा?ई लगातार बढ़ी है। आलम यह है कि देश में जहां अमीर लगातार अमीर होते जा रहा है वहीं गरीब लगातार गरीब हो रहा है लिहाजा यह कहा जा सकता है देश में गरीबी एक अनुवांशिक रोग के रूप में तेजी से उभर रहा है। देश में अमीरी और गरीबी की बढ़ती असमानता के कारण सामाजिक विषमता पैदा हो रही है जिसका प्रभाव दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर पड़ रहा है और वे शिक्षा से दूर हो रहे हैं। भारत में बीते दिनों धार्मिक असहिष्णुता लगातार बढ़ी है तथा अल्पसंख्यक समुदाय अपने आपको दोयम दर्जे का नागरिक मानने लगा है फ्लस्वरूप उनमें असुरक्षा की भावना पनप रही है जिसका परिणाम सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के रूप में प्रगट हो रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान इन वर्गों के अधिकारों, आजीविका, संस्कृति और पहचान पर गंभीर खतरा बना हुआ है।

बीते महीने के आखिर में संपन्न अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 85 वें महाधिवेशन में पारित संकल्प और संविधान संशोधनों ने पार्टी के भविष्य के प्राथमिकताओं को नये सिरे से स्पष्ट कर दिया है। 137 वर्ष पुरानी कांग्रेस की पहचान दलित, शोषित, सर्वहारा, किसानों और मजदूरों के पार्टी के तौर पर रही है। देश के आजादी के आंदोलन से लेकर स्वातंर्त्योत्तर भारत में कांग्रेस के केंद्र में यह वंचित वर्ग ही रहा है। महात्मा गांधी और कांग्रेस के अगुवाई में हुए आजादी के आंदोलन पर गौर करें तो जहां यह आंदोलन एक राजनीतिक संघर्ष और तपस्या का द्योतक था वहीं यह एक सामाजिक चेतना और समानता के लिए जनजागरण भी था। स्वतंत्रता आंदोलन के किताब का पन्ना पलटें तो इस दौरान कांग्रेस स्पष्ट तौर पर जहां अहिंसा के जरिए ब्रिटिश हुकूमत से मुक्ति के लिए संघर्षरत दिखाई देती है तो दूसरी ओर तब के समाज में व्याप्त छुआछूत प्रथा और महिला असमानता के खिलाफ सामाजिक जागरूकता अभियान में जुटी दृष्टिगोचर होती है। देश की आजादी के बाद भारतीय संविधान के उद्देशिका से लेकर भीतर के पन्नों पर गौर करें तो संविधान के बुनियाद में सामाजिक न्याय और समानता ही है जिस पर देश का गणतांत्रिक लोकतंत्र स्थापित है। कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और महिलाओं को गणतांत्रिक व्यवस्था के मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से विकसित करने का प्रयास लगातार किया है। दरअसल कांग्रेस का शुरूआत से ही यह सोच रहा है कि देश का समावेशी विकास तब तक संभव नहीं है जब तक आर्थिक रूप से पिछड़े समाज और महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आर्थिक और सामाजिक असमानता हमेशा असंतोष का मूल होता है जिससे हिंसा पनपती है फ्लस्वरूप विकास प्रभावित होता है। आजादी के बाद तमाम कांग्रेसी सरकारों ने आर्थिक और सामाजिक विषमता की खाई को पाटने के लिए वंचित वर्गों के लिए शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आरक्षण सहित अनेक मुफ्त एवं रियायती योजनाएं लागू की जिसका देश को बेहतर प्रतिसाद मिला है। इसके अलावा देश की विधायिका में भी संसद से लेकर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए इन व्यवस्थाओं में आरक्षण लागू किया गया है। कांग्रेस की मंशा महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्गों और अल्पसंख्यकों को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की है जिसकी शुरुआत पार्टी ने अपने संविधान में संशोधन के जरिए की है। गौरतलब है कि हाल के महाधिवेशन में पार्टी ने अपने संविधान में संशोधन करते हुए पार्टी के हर स्तर के संगठनात्मक ढांचे से लेकर कांग्रेस कार्यसमिति यानि सीडब्ल्यूसी में 50 फीसदी जगह एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित किया है। इसी तरह पार्टी में महिलाओं और नयी पीढ़ी की भागीदारी के लिए सभी स्तरों पर में 50 फीसदी आरक्षण का प्रावधान लागू किया गया है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्रिक देश में किसी

गौरतलब है कि कोई भी देश तभी विकसित और सफल राष्ट्र की श्रेणी में होता है जब जब समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित हो। देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास और कल्याण के लिए सैंकड़ों योजनाएं चल रही है लेकिन इसका अनुपातिक लाभ समाज के सभी जाति समुदायों को नहीं मिल पा रहा है। महाधिवेशन में पार्टी ने जातिगत जनगणना का संकल्प पारित किया है। चूंकि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य ही आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े जातियों का विकास है।

राजनीतिक दल द्वारा लिया गया यह अभूतपूर्व फैसला है जो पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र को और भी मजबूती प्रदान करेगा। गौरतलब है कि कोई भी देश तभी विकसित और सफल राष्ट्र की श्रेणी में होता है जब जब समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित हो। देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास और कल्याण के लिए सैंकड़ों योजनाएं चल रही है लेकिन इसका अनुपातिक लाभ समाज के सभी जाति समुदायों को नहीं मिल पा रहा है। महाधिवेशन में पार्टी ने जातिगत जनगणना का संकल्प पारित किया है। चूंकि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य ही आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े जातियों का विकास है। विडंबना है कि सात दशकों बाद भी इन योजनाओं की पहुंच पिछड़ी जातियों तक संभव नहीं हो पाई है। दरअसल जातिगत जनगणना के द्वारा ही विभिन्न जातियों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर का वास्तविक आंकलन संभव हो सकेगा और इन वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाने में सहायता मिलेगी। महात्मा गांधी सदैव महिला सशक्तिकरण के पक्षधर थे और उन्होंने इसके लिए शिक्षा को सबसे बड़ा औजार माना था। इस महाधिवेशन में महिला सशक्तिकरण के साथ ही किसानों और मजदूरों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए संकल्प पारित किए गए हैं जो मील का पत्थर साबित होगा।

हाल के राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो देश में आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक असमानता की खा?ई लगातार बढ़ी है। आलम यह है कि देश में जहां अमीर लगातार अमीर होते जा रहा है वहीं गरीब लगातार गरीब हो रहा है लिहाजा यह कहा जा सकता है देश में गरीबी एक अनुवांशिक रोग के रूप में तेजी से उभर रहा है। देश में अमीरी और गरीबी की बढ़ती असमानता के कारण सामाजिक विषमता पैदा हो रही है जिसका प्रभाव दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर पड़ रहा है और वे शिक्षा से दूर हो रहे हैं। भारत में बीते दिनों धार्मिक असहिष्णुता लगातार बढ़ी है तथा अल्पसंख्यक समुदाय अपने आपको दोयम दर्जे का नागरिक मानने लगा है फ्लस्वरूप उनमें असुरक्षा की भावना पनप रही है जिसका परिणाम सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के रूप में प्रगट हो रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान इन वर्गों के अधिकारों, आजीविका, संस्कृति और पहचान पर गंभीर खतरा बना हुआ है। देश में निजीकरण और पूंजीवाद के अंधड़ के चलते आदिवासियों की सदियों पुरानी थाती जल, जंगल और जमीन उनसे छिना जा रहा है उन्हें उनके रहवास से बेदखल किया जा रहा है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता तभी संभव है जब उसके संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण हो।

बेशक देश का संविधान ही आम नागरिक के मौलिक अधिकारों का रक्षा करता है लेकिन संवैधानिक संस्थान की निष्पक्षता और पारदर्शिता खुद सवालों के घेरे में हैं। लोकतंत्रिक देश में सत्ता के निरंकुशता का प्रतिरोध केवल लोकतंत्रिक ढंग से ही किया जा सकता है जिसकी जवाबदेही विपक्ष की होती है। लोकतंत्र के इन आदर्शों मूल्यों को आत्मसात करते हुए ही कांग्रेस ने सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाया है जो निश्चित रूप से देश को न?ई दशा और दिशा प्रदान करेगा।

आज का पंचांग (मंगलवार, 07 मार्च 2023)

सूर्योदयः 06:43, सूर्यास्तः 06:20
चन्द्रोदयः 17:18

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : सुकर्मा (20:55 से धृति), प्रथम करण : वणिज (16:17 तक), द्वितीय करण : विष्टि (29:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:05 से 12:52, अमृत काल 21:25 से 23:12, रवियोग 06:38 से 24:05, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त 18:16 से 18:41, सायाह्न सन्ध्या 18:19 से 19:33, निशिता मुहूर्त 24:03 से 24:52, राहुकाल 15:00 से 16:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 11:01 से 12:28, होमाहुति चन्द्र, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास आकाश, भद्रावास मृत्यु (16:17 से 29:15), चन्द्रवास पूर्व, शिववास भोजन में (16:17 से श्मशान में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - अमृत 2 - काल 3 - शुभ 4 - रोग 5 - उद्वेग 6 - चर 7 - लाभ 8 - अमृत

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - चर 2 - रोग 3 - काल 4 - लाभ 5 - उद्वेग 6 - शुभ 7 - अमृत 8 - चर

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (मो, त, ता, ति) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

शुभ यात्रा दिशा : पूर्व-उत्तर (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष : श्रीसत्यनारायण (पूर्णिमा) व्रत, होलिका दहन (प्रदोष काल) में आदि।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:40 से 07:06, मीन - 07:06 से 08:29, मेष - 08:29 से 10:03, वृषभ - 10:03 से 11:58, मिथुन - 11:58 से 14:13, कर्क - 14:13 से 16:34, सिंह - 16:34 से 18:53, कन्या - 18:53 से 21:11, तुला - 21:11 से 23:32, वृश्चिक - 23:32 से 25:51, धनु - 25:51 से 27:55, मकर - 27:55 से 29:36

पञ्चक रहित मुहूर्त

मृत्यु पञ्चक - 06:38 से 07:06, अग्नि पञ्चक - 07:06 से 08:29, शुभ मुहूर्त - 08:29 से 10:03, मृत्यु पञ्चक - 10:03 से 11:58, अग्नि पञ्चक - 11:58 से 14:13, शुभ मुहूर्त - 14:13 से 16:17, रज पञ्चक - 16:17 से 16:34, शुभ मुहूर्त - 16:34 से 18:53, चोर पञ्चक - 18:53 से 21:11, शुभ मुहूर्त - 21:11 से 23:32, रोग पञ्चक - 23:32 से 24:05, शुभ मुहूर्त - 24:05 से 25:51, मृत्यु पञ्चक - 25:51 से 27:55, अग्नि पञ्चक - 27:55 से 29:36, शुभ मुहूर्त - 29:36 से 30:37

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आप व्यर्थ के विवादों में ना पड़कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। हवाई बातों पर यकीन ना करें अपने बुद्धि बल से योजनाएं बनाये सफलता अवश्य मिलेगी प्रलोभनो से बचें।

वृष : आज के दिन आपको प्रतिकूल फल मिलने से मानसिक कष्ट होगा। दिन आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा।

मिथुन : आपका आज का दिन प्रायः सामान्य ही रहेगा। परन्तु आज फिजूल खर्ची पर नियंत्रण आयवश्यक है अन्यथा आर्थिक संकट में फंस सकते है। आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है।

कर्क : आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में सेहत सम्बंधित समस्या रहने से कार्यो में आलस करेंगे घरेलू कार्यो की व्यस्तता के कारण कार्य क्षेत्र पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

सिंह : आज का दिन उन्नति कारक रहेगा। आज पारिवारिक प्रतिष्ठा भाग्योन्नति में सहायक बनेगी। सेहत भी साथ देने से लाभ के अवसर हाथ से निकलने नहीं देंगे।

कन्या : आज का दिन अशुभ फलदायक रहेगा। दिनभर विविध कष्ट रहने से मानसिक एवं आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

तुला : आज के दिन भी आपके लिए लाभदायक स्थिति बनेगी दिन व्यस्तता से भरा एवं खर्चीला रहेगा। आज आपके अंदर आत्मविश्वाश बढ़-चढ़ कर रहेगा शारीरिक रूप से भी चुस्त रहेंगे।

वृश्चिक : आपका आज का दिन सफलता दायक रहेगा परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहेंगी। दिन के पहले भाग में किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के बनने से प्रसन्नता बढ़ेगी।

धनु : आज सेहत में सुधार आने से काफी राहत अनुभव करेंगे। रुके हुए कार्यो में गति आएगी फिर भी सरकारी कार्य आज ना करे तो बेहतर रहेगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए आप पूरी तरह से तैयार रहेंगे।

मकर : आज आपको अपने स्वास्थ्य की संभाल करने की अत्यंत आवश्यकता है। मौसमी बीमारियों के कारण शरीर एवं दिमाग कम सक्रीय रहेंगे। आज के दिन परिश्रम से बचें।

कुंभ : कार्य क्षेत्र का वातावरण सामान्य रहने से रोजगार सही दिशा में चलेगा। दिन नविन व्यापारिक अनुबंधों को क्रिया में लाने के लिए शुभ रहेगा।

मीन : आज का दिन भी आपके पक्ष में रहेगा। दिन के आरम्भ थोड़ी परेशानियों के बाद कार्य में गति आने लगेगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तमाम उपलब्धिया

तमाम उपलब्धिया बहुत सारी भीड़ और सफलताओ के बाद भी कभी कभी अकेलापन एकाकी सा जीवन लगता है शायद कुछ ऐसा की जीवन में अभी भी कुछ अधूरा सा है मन कुछ करने को नही करता भीड़ भाड़ से यू लगता है भागकर एकांत की ओर दौड़ लगाई जाए और जब एकांत में जाओ तो यू लगता है की हम कितने अकेले है।- **अमरजीत सिंह छाबड़ा**

गम के है जाने,

गम के है जाने, कितने फ़साने लिखती नही, कोई अफ़साने दर्द दिल में है, कोई ना जाने जता भी दे तो,भी वो ना माने कितने सितम,उनको और है ढाने आये है दिलजले, मलहम लगाने अपने दर्द को ,खुद ही है सहलाने लोग झूठे आते है ,मन को बहलाने।

-प्रीति श्रीवास्तव

खास पाती | कब मिटेगी मुफलिसी कुछ तो

कब मिटेगी मुफ़लिसी कुछ तो कहो साहिब आएगी कब घर खुशी कुछ तो कहो साहिब परेशा मज़दूर हैं फ़ाक़ा-कशी है अब कैसी है ये ख़ामुशी कुछ तो कहो साहिब दर -ब-दर मजबूर हैं मिलते नही है काम क्या जिये अब आदमी कुछ तो कहो साहिब आज भी फुटपाथ पर अपना बसेरा है क्या यही है ज़िन्दगी कुछ तो कहो साहिब क्या मुकद्दर में हमारे है नहीं सूरज कैसी है ये तीरगी कुछ तो कहो साहिब क़र्ज़ चढ़ता जा रहा हर दिन किसानों पर रोज़ करते खुदकुशी कुछ तो कहो साहिब मस्जिदों पे हो रही कैसी सियासत अब कैसे होगी बंदगी कुछ तो कहो साहिब नफ़रतों से जल रहा धू-धू चमन 'ऐनुल' मिट रही शाइस्तगी कुछ तो कहो साहिब। - **'ऐनुल' बरौलवी**

जब आप कुंठा ग्रस्त हैं और

जब आप कुंठा ग्रस्त हैं और अपने पूर्वाग्रहों को सत्य साबित करने की चेष्टा कर रहे हों तो आपको याद आएगी एक अदद पप्पू की। पप्पू का सम्बोधन आपकी महफ़िल में आपकी कुंठा को तृप्त करेगा और भविष्य में रणनीति को बनाने में सहायक होगा। कोई पप्पू को यूं ही नहीं याद करता वह जानता है कि वह जो छवि निर्मित करेगा वह उसके मन को सुकून पैदा करेगी। कुंठाग्रस्त लोग तालियां बजाकर अपनी कुंठा दूर करेंगे षड़यंत्र रचे जाएंगे। ध्यान रहे आपके समाज में सभी लोग उच्च स्तरीय ही होते हैं चाहे स्वदेशी टैक्नोक्रेट हैं या स्वदेशी खानदानी नेतृत्व हेतु पैदाइशी नेता। - **नवीन शंकर शर्मा**

कब चाहा मैंने इश्क में हम

कब चाहा मैंने इश्क में हम दोनों को एंकात मिले दो जोड़ी आंखे ही एक दुसरे से प्यार जता लेती है कब मोहताज रहे हम एक-दूसरे से मुलाकात के कैसी हो इन्हीं लफ़्ज़ों से मोहब्बत बयां हो जाती है। - **शोभा गोयल**

आंखी ले निंदिया अब कोन कोती

आंखी ले निंदिया अब कोन कोती चल देथे छपक के धरथौं तबले कइसे वो बुलक देथे सुरता करथौं लोरी के नानपन म महतारी के फेर उमर के चेत गजब हे उहू ल बिसर देथे।

- कवि सुशील भोले

ऐ चाँद तू मेरे कदमो के साथ

ऐ चाँद तू मेरे कदमो के साथ क्यों चलता है , मेरी नियति से , तू क्यों नही डरता है , तेरी तो फित्ररत है , तू कभी घटता तो कभी बढ़ता है , मेरी किस्मत तो देख , मेरे साथ मेरा साया भी खेलता है , मैं तो वो ठहरा पानी हूँ , जिसके पास कंकडो की न कोई निशानी है , बनते बिगड़ते दायरे की न कोई कहानी है , मेरे लिए तो फिर भवर के रिश्तों की बात भी बेमानी है।

- नमन कुमार मिश्रा

कल रात, पूरी रात दृष्टि की

कल रात, पूरी रात दृष्टि की दहलीज पर सुलगते रहे कई ख्वाब उबलता रहा एक सवाल पर जवाब न मिला। माना रात्रि अंधेरी थी थोड़ी तेरी,थोड़ी मेरी थी पर प्रीति की हथेली पर जो तूने लिख दिया व्यापार फिर हिसाब न मिला।

- ममता अमर

प्रीत रँगा देखो लगा जबसे गाल

प्रीत रँगा देखो लगा, जबसे गाल गुलाल। होली में 'भवि' भी हुई, देखो मालामाल। सरहद पर सैंया गये, फ़ीका अब सिन्दूर। होली का रँग क्या चढ़े, जब वो घर से दूर। बढ़े आपसी प्रेम का, अपनेपन का रंग। होली में वाजिब ज़रा, होना भी हुड़दंग। **- शुचि 'भवि'**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1876 - अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलिफोन का पेटेंट हासिल किया। 1906 - फिनलैंड में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला। 1911 - हिंदी के उल्लेखनीय लेखक और साहित्यकार हीरानंद सच्चिदानंद वात्स्यायन का जन्म। 1925 - मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने बाहरी कब्जा किया। 1952 - वेस्ट इंडीज के धाकड़ बल्लेबाज विवियन रिचर्डस का एंटीगुआ में जन्म हुआ। 1955 - भारतीय अभिनेता अनुपम खेर का जन्म हुआ। 1961 - स्वतंत्रता सेनानी गोविंद वल्लभ पंत का निधन। 1969 - इजरायल ने गोल्डा मीर को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। लेवी एशकोल की निधन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनाया गया। 1971 - शेख़ मुजिब-उर-रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया। 1977 - पाकिस्तान में 1970 के बाद पहला आम चुनाव और 1947 में पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद पहली बार असैन्य शासन के तहत चुनाव कराए गए।

QUIZ TIME

1) किस राज्य सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना को स्कॉच पुरस्कार दिया गया है?
2) 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2023 में मुख्य अतिथि होंगे?
3) किस राज्य में देश का पहला लिक्विड मिरर टेलीस्कोप कमीशन किया गया है?
4) पहली गरीब रथ रेलगाड़ी कब चलाई गई?
5) देश में पहली बार सीआरपीएफमें आईजी पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला कौन बन गई?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पश्चिम बंगाल (2) मोहम्मद इरफान अली (3) उत्तराखंड (4) 5 अक्टूबर 2006 (5) सीमा धुंडिया

प्रेरक प्रसंग - हमारी जिन्दगी की नाव

एक आदमी ने एक पेंटर को बुलाया अपने घर, और अपनी नाव दिखाकर कहा कि इसको पेंट कर दो ! उस पेंटर ने पेंट लेकर उस नाव को लाल रंग से पेंट कर दिया जैसा कि नाव का मालिक चाहता था। फिर पेंटर ने अपने पैसे लिए और चला गया ।

अगले दिन, पेंटर के घर पर वह नाव का मालिक पहुँच गया, और उसने एक बहुत बड़ी धनराशी का चेक दिया उस पेंटर को । पेंटर भौंचक्का हो गया, और पूछा ङ्क ये किस बात के इतने पैसे हैं ? मेरे पैसे तो आपने कल ही दे दिया था । मालिक ने कहा ङ्क ये पेंट का पैसा नहीं है, बल्कि ये उस नाव में जो 'छेद' था, उसको रिपेयर करने का पैसा है , पेंटर ने कहा ङ्क अरे साहब, वो तो एक छोटा सा छेद था, सो मैंने बंद कर दिया था। उस छोटे से छेद के लिए इतना पैसा मुझे, ठीक नहीं लग रहा है ।

मालिक ने कहा- दोस्त, तुम्हें पूरी बात पता नहीं !अच्छा में विस्तार से समझाता हूँ। जब मैंने तुम्हें पेंट के लिए कहा तो जल्दबाजी में तुम्हें ये बताना भूल गया कि नाव में एक छेद है उसको रिपेयर कर देना और जब पेंट सूख गया, तो मेरे दोनों बच्चे उस नाव को समुद्र में लेकर नौकायन के लिए निकल गए । मैं उस वक़्त घर पर नहीं था, लेकिन जब लौट कर आया और अपनी पत्नी से ये सुना कि बच्चे नाव को लेकर नौकायन पर निकल गए हैं तो मैं बदहवास हो गया। क्योंकि मुझे याद आया कि नाव में तो छेद है!

मैं गिरता पड़ता भागा उस तरफ, जिधर मेरे प्यारे बच्चे गए थे। लेकिन थोड़ी दूर पर मुझे मेरे बच्चे दिख गए, जो सकुशल वापस आ रहे थे अब मेरी खुशी और प्रसन्नता का आलम तुम समझ सकते हो!

फिर मैंने छेद चेक किया, तो पता चला कि, मुझे बिना बताये तुम उसको रिपेयर कर चुके होज्तो मेरे दोस्त उस महान कार्य के लिए तो ये पैसे भी बहुत थोड़े हैं !

मेरी औकात नहीं कि उस कार्य के बदले तुम्हे ठीक ठाक पैसे दे पाऊं , जीवन मे 'भलाई का कार्य' जब मौका लगे हमेशा कर देना चाहिए, भले ही वो बहुत छोटा सा कार्य ही क्यों न हो ! क्योंकि कभी कभी वो छोटा सा कार्य भी किसी के लिए बहुत अमूल्य हो सकता है।

सभी मित्रों को जिन्होने 'हमारी जिन्दगी की नाव' कभी भी रिपेयर की है उन्हें हार्दिक धन्यवाद और सदैव प्रयत्नशील रहें कि हम भी किसी की नाव रिपेयरिंग करने के लिए हमेशा तत्पर रहें।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -362

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल

तेज़ रफ़्तार कार ने बाइक सवार को कुचला, चालक की मौके पर मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मंदिरहसौद थाना इलाके से बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमें एक कार ने तीन बाइक सवार को कुचला और बाइक सवार चालक की मौके पर मौत हो गई और दो व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। मामलें में जानकारी देते हुए मंदिरहसौद थाना प्रभारी ने बताया कि ये घटना शाम साढ़े 7 बजे अपनी बाइक मृतक अर्जुन ध्रुव जो कि ग्राम सिवनी का रहने वाला है जो कि अपने घर जा रहा था तभीग्राम उमरिया टर्निंग इंडियन पेट्रोल पंप के सामने महासमुंद जाने के लिए अर्टिगा कार क्र0 CG06GY8838 ने बाइक सवारों को कुचल दिया।

ओवर रेट शराब बेचने वालों पर टीम रखेगी नजर

रायपुर/नवप्रदेश। होली के मद्देनजर आबकारी विभाग ने शराब दुकानों में गड़बड़ियां रोकने की तैयारी शुरू कर दी है। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार जिला आबकारी कार्यालय ने सभी सर्किल में जांच करने के लिए 12 टीमों का गठन किया है। प्रत्येक सर्किल में एक प्रभारी के साथ अन्य सिपाही यानी चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। टीम अपने सर्किल क्षेत्र की देसी, विदेशी और प्रीमियम शराब दुकानों में जाकर औचक निरीक्षण करेगी। साथ ही अनियमितता मिलने पर संबंधित सेल्समैन और सुपरवाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अवैध रूप से शराब बिक्री पर लगाम लगाने के लिए भी उक्त टीम को निर्देशित किया गया है।

होली के दौरान तीन गुना बढ़ जाती है कमाई

आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार हर वर्ष होली में सामान्य दिनों की तुलना में शराब की अधिक बिक्री होती है। सामान्य दिनों में प्रतिदिन का औसत छह करोड़ के आसपास बिक्री होती है, वहीं होली के दौरान एक दिन पहले बिक्री तीन गुना तक बढ़कर 18 करोड़ से ज्यादा हो जाती है। वर्तमान में जिले में शराब की ओवररेटिंग पर लगाम लगी हुई है। पहले की तुलना में अब मिलने वाले केसों की संख्या नहीं के बराबर है। लेकिन होली के दौरान शराब दुकानों में भीड़ होने के कारण सेल्समैन ओवररेटिंग का खेल करते हैं।

अपने सर्किल में नहीं जाएंगे प्रभारी

वर्तमान में सभी प्रभारियों को एक-एक सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन होली के दौरान जारी किए गए आदेशानुसार किसी भी क्षेत्र के प्रभारी को उक्त सर्किल का जिम्मा नहीं दिया जाएगा। उनकी जगह अन्य प्रभारियों की ड्यूटी वहां लगाई जाएगी। रायपुर आबकारी विभाग के उपायुक्त अरविंद पटले ने कहा, शराब की ओवररेटिंग रोकने के लिए टीम का गठन कर दिया गया है, जो कि चार से लेकर सात मार्च तक सभी दुकानों में जाकर औचक निरीक्षण करेगी। इसके अलावा अवैध बिक्री पर भी रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री को 'योद्धा-नर्तन' राऊत नाच महोत्सव में शामिल होने का न्यौता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र में आगामी 19 मार्च को आयोजित होने वाले ÷योद्धा-नर्तन÷ राऊत नाच महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ÷योद्धा-नर्तन÷ कार्यक्रम के पोस्टर का भी विमोचन किया। यादव संघमित्र कल्याण मंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यादव समाज द्वारा परंपरागत व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन हेतु राऊत नाच महोत्सव के तहत वार्षिक प्रतियोगिता योद्धा-नर्तन का आयोजन विगत 17 वर्षो से किया जा रहा है। इस वर्ष योद्धा-नर्तन कार्यक्रम का यह 18 संस्करण है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के सदस्यों को योद्धा-नर्तन राऊत नाच महोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यादव संघ मित्र कल्याण प्रमुख मंडल जिला दुर्ग से श्री राकेश यादव, श्री राजेश यादव,श्री हर्ष हिंद यादव, श्री बृजेश यादव, श्री चंद्रहास यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

छग विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने होली की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने होलिका दहन एवं रंग उत्सव की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा, होली रंगो तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है, इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाईयां देते हैं। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है।

एम्स का प्रथम दीक्षांत समारोह आज

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का प्रथम दीक्षांत समारोह मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रविण पवार होंगी। दीक्षांत समारोह में कुल 850 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें दस छात्रों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग की सांसद (राज्यसभा) सरोज पांडेय और बिलासपुर के सांसद अरूण साव को आमंत्रित किया गया है। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को फाइनल रिहर्सल के साथ सोमवार को अंतिम रूप दिया गया।

भिलाई विधायक को पूछताछ के लिए ईडी ने जारी किया समन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को ईडी ने पूछताछ के लिए समन जारी किया है। विधायक को ईडी ने आज मंगलवार 7 मार्च को पूछताछ के लिए राजधानी रायपुर के पुजारी पार्क स्थित कार्यालय में उपस्थित होने कहा है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने विधायक देवेंद्रे यादव के यहां बीते 20 फरवरी को रेड मारी थी। जिसके बाद उन्हे निर्धारित दिनांक 1 मार्च को ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए पेश होना था। लेकिन विधानसभा सत्र के कारण वे पेश नहीं हो पाए थे। जिसके बाद ईडी ने फिर से उन्हें आज 7 मार्च को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। गौरतलब है कि 20 फरवरी को सुबह चार बजे ईडी की टीम भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर-5 और हाउसिंग बोर्ड जामुल स्थित निवास पर पहुंची थी। 19 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाने के बाद विधायक देवेंद्र यादव अपने सेक्टर-5 स्थित निवास पर ही थे। इसी दौरान ईडी के अधिकारी वहां पहुंचे। पहुंचते ही उन्होंने विधायक देवेंद्र यादव से पूछताछ शुरू कर दी। वहीं उनके हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पर उनके परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की।

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष 'होली मिलन समारोह' में हुए शामिल

■ विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में संसदीय सचिवों और

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में संसदीय सचिवों और 7262विधायक क्लब व संस्कृति विभाग के तत्वावधान मेंआज छत्तीसढ़ विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत आज छत्तीगसढ़ विधानसभा परिसर में विधायक क्लब व संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'होली मिलन समारोह' में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उपस्थित सभी लोगों को रंगों के त्योहार होली की हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें अबीर और गुलाल के रंग लगाए। संसदीय सचिव और विधायकों ने रंग-गुलाल की फुहारों के बीच होली मिलन समारोह में फाग गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर होली का रंग जमाया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, श्री चन्द्रदेव राय, श्री यू.डी. मिंज, श्री कुंवर सिंह निषाद, श्रीमती अंबिका सिंहदेव, डॉ. श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सुश्री शकुंतला साहू और श्री गुरुदयाल बंजारे, विधायक श्री रामकुमार यादव, श्री गुलाब कमरो, श्री भुनेश्वर बघेल, श्रीमती अनिता योगेंद्र शर्मा, श्रीमती संगीता सिन्हा, श्री केशव प्रसाद चंद्रा व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नगर निगम के सहित पार्षदों ने पुष्प एवं हर्बल गुलाल से खेली होली

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे एवं महापौर एजाज ढेबर सहित समस्त पार्षदों ने आज होली मिलन समारोह में जमकर थिरके तथा आम जनता से अपील की है कि पेड़ों को ना काटे तथा बिजली के तार के नीचे होली जलाने से बचने की अपील की है। पारंपरिक फाग गीत पर आम जनता एवं पार्षदों ने होली का आनंद लिया, नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में महापौर एजाज ढेबर सहित अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा ,बैंक अध्यक्ष पंकज शर्मा ,कान्यकुब्ज ब्राम्हण अध्यक्ष अरुण शुक्ला ,सचिव सुरेश मिश्रा ,संजय पाठक ,प्रमोद चौबे, महेश शर्मा ,अजय साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेंगड़ी ,देव साहू, अरुण जंघेल,अशोक ठाकुर,माधो साहू,एमआईसी सदस्य सतनाम सिंह पनाग ,सुंदर जोगी ,आकाश तिवारी ,जितेंद्र अग्रवाल ,सुरेश चन्नावार,नागभूषण राव यादव, जगदीश आहूजा, बंटी होरा, अमितेश भारद्वाज ,कामरान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

देश के प्रमुख संस्थानों में कार्यरत हैं एम्स के पूर्व छात्र

■ जूनियर डाक्टर्स को भी किया प्रोत्साहित, सुपर स्पेशियल्टी में भी कार्य कर रहे कई पूर्व छात्र

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने पूर्व छात्रों की एल्युमिनाई एसोसिएशन गठित की है। एसोसिएशन की पहली बैठक में पांच वर्षों (2012-17) के भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। कई प्रतिभावान छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं या सुपर स्पेशियल्टी के पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षकों ने इन छात्रों से संस्थान की प्रतिष्ठा को नया आयाम देने का आह्वान किया गया।

डीन प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने बताया कि संस्थान में एल्युमिनाई एसोसिएशन का गठन किया गया है। डॉ. सत्यजीत सिंह इसके अध्यक्ष और डॉ. राकेश गुप्ता को सचिव बनाया गया है। एसोसिएशन पूर्व छात्रों का नेटवर्क बनाने का कार्य करेगी जिससे नए छात्रों को करियर बनाने के लिए पुराने छात्रों का मार्गदर्शन मिल सके।

एसोसिएशन की पहली बैठक में पूर्व छात्रों ने एक-एक कर अपना परिचय दिया। कई पूर्व छात्र देश के प्रतिष्ठित सरकारी और निजी संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जबकि कई छात्र एमडी, एमएस पाठ्यक्रम और डीएम, एमसीएच जैसे सुपर स्पेशिलल्टी पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे हैं। एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स के पूर्व छात्रों का एक विस्तृत नेटवर्क बन गया है जिसका लाभ उनके जूनियर्स को भी मिल सकता है। उन्होंने पूर्व छात्रों को संस्थान का प्रतिनिधि बताया और उन्हें जीवन में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर डीन प्रो. सरिता अग्रवाल, एली मोहपात्रा और पूर्व डीन प्रो. सूर्यप्रकाश धनेरिया भी उपस्थित थे।

प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष ने मांगी आवास निरस्त करने की जानकारी जमकर हंगामा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार के दिन भी शुरुआत से ही सदन में हंगामा होता रहा। सत्ता पक्ष पर विपक्ष हावी होता दिख रहा था। सदन में प्रश्नकाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और सदन के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आवास निरस्त होने की जानकारी विभागीय मंत्री से मांगी थी। जिसके बाद भाजपा के अन्य सदस्यों ने भी इसी पोस्ट को आगे बढ़ाते हुए कई सवाल दागे। विभागीय मंत्री शिव कुमार डेहरिया ने 2020 से लेकर अब तक की जानकारी दी लेकिन विपक्ष की नाराजगी बरकरार रही। बाद में भाजपा के कुछ सदस्यों ने सदन का वाकआउट भी कर दिया।

प्रश्न के बाद विधानसभा में कस्टम मिलिंग का मुद्दा उठा, जिसमें राष्ट्रीय के भुगतान का मामला शामिल था। बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कस्टम मिलेंगे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जिसे सत्तापक्ष ने सिरे से खारिज कर दिया। भाजपा सदस्य प्रति क्विंटल 20 रुपए वसूली पर सदन में हंगामा किया। पक्ष और विपक्ष में जमकर इसे लेकर हंगामा भी हुआ।

सत्तापक्ष ने भाजपा द्वारा लगाए गए आरोप को विलोपित करने मांग आसंदी से की। मंत्री मोहम्मद अकबर सदन में भ्रष्टाचार के आरोप पर सबूत मांगे साथ ही कहा कि जब तक भ्रष्टाचार का सबूत नहीं देंगे तब तक आगे की कार्यवाही नहीं चलेगी। लड़ाई के बाद सत्ता पक्ष ने भी जमकर नारेबाजी की। हंगामे को देखते हुए आसंदी ने सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया।

सवाल के जवाब में मंत्री मो अकबर ने कस्टम मिलिंग के लिए भुगतान की समय सीमा की बाध्यता नही होने की जानकारी दी। वर्तमान में करीब 181.47 करोड़ का भुगतान शेष होने की बात कही। मंत्री के जवाब के बाद भाजपा के सदस्य ने भुगतान बाकी रहने के पीछे भ्रष्टाचार को वजह बताया।

आय बढ़ाने वाला और महंगाई से राहत देने वाला बजट : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रस्तुत की गई बजट को प्रदेश की जनता का आय बढ़ाने वाला और महंगाई से राहत देने वाला हर वर्ग के साथ न्याय से प्रेरित परिपूर्ण बजट करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार बनने के बाद प्रस्तुत हुई हर बजट ने विकास को एक नई दिशा दी है प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुए हैं युवाओं के हाथ में रोजगार के अवसर आये। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति परंपरा तीज त्यौहार पुनर्जीवित होगा, माता कौशल्या के मंदिर से लेकर राम वन गमन पथ का नव निर्माण हुआ जो देश विदेश के लोगों को पर्यटन के दृष्टि से छत्तीसगढ़ आने को मजबूर किये। हर वर्ग के साथ न्याय की अवधारणा को परिपूर्ण करने वाला यह पांचवा बजट था।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और प्रत्येक व्यक्ति के विकास के लिए कार्य किया है किसानों को फसल की उचित मूल्य के साथ कृषि क्षेत्र को सुविधाजनक बनाया गया है उद्योग लिये सरल और मजबूत नीतियां बनाई गई जिसे निवेशक आये। बजट में जनउपयोगी निर्माण कार्य के लिये प्रावधान है। स्कूल कॉलेज, अस्पताल की बिल्डिंग, सिंचाई के संसाधन, सड़क नाली नहर पेयजल की सुविधाएं दी गई है। स्वास्थ्यगत समस्याओं में भटकना न पड़े इसके लिए हाट बाजार एवं शहरी स्लम क्लिनिक, जेनरिक दवाई 70 से 80 प्रतिशत डिस्काउंट में दी जा रही है। भूपेश बघेल की बजट में हर वर्ग की हिस्सेदारी है हर वर्ग की हित की चिंता है हर वर्ग के साथ न्याय किया है।

बजट प्रतिक्रिया

कवर्धा/नवप्रदेश। बजट का पिटारा खोलते ही पक्ष-विपक्ष और आमजनो ने अपनी प्रतिक्रिया को रखते हुए किसी ने सराहा, तो किसी ने नकारा इस तरह बजट अलग-अलग प्रतिक्रिया मिलने लगे, सत्ता पक्ष ने जहां पुरे बजट को जनहित में बताया है तो विपक्ष ने कहा महिला रोजगार और सुरक्षा की ओर सरकार ने कोई ध्यान नही दिया। तो इसके साथ ही आमजनो के बनने वाले आवास को लेकर भी प्रतिक्रिया सामने आई है।

सभी वर्गो का रखा गया विशेष ध्यान : मो. अकबर

मंत्री मो. अकबर सरकार का यह बजट आमजन के हित में है। सभी वर्गो का विशेष

ध्यान रखते हुए बजट को प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में ध्यान देकर वर्ष 2023 का बजट पेश किया गया है। निश्चित तौर पर यह बजट सराहनीय है। और कबीरधाम जिले को बजट में काफी लाभ मिला है। जिसमें मेडिकल कालेज, आत्मानंद स्कूल, जंगल सफारी सहित अनेको सौगात मिला है।

मोहम्मद अकबर, कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन

स्वर्णिम अक्षरो में लिखा जायेगा नाम : ऋषि कुमार

छत्तीसगढ़ सरकार ने सर्वजनों के लिए भरोसे का बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट में ऐतिहासिक फैसले को शामिल कर कोटवार से

लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानीन, होमगार्ड जवान के वेतन में इजाफा किया है इसी तरह सहित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, निराश्रित पेंशन हितग्राही सहित अधोसरंचना विकास के लिए करोड़ो की सौगात मिला है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह बजट स्वर्णिम अक्षर से लिखा जावेगा।

सरकार का बजट लाभकारी : अग्रवाल

सरकार द्वारा लाभकारी बजट प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ में कोई नया कर नही लगाया गया

है बल्कि अलग-अलग कार्यो के लिए करोड़ो का प्रावधान शामिल कर ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट में समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आमजन की समृद्धि की दिशा में कदम उठाए गए हैं जो सराहनीय है, यह एक ऐतिहासिक और छत्तीसगढ़वासियों को सुख, समृद्धि तथा विकास देने वाला बजट है।इसके अलावा सरकार ने शिक्षित बेरोजगारों से किया गया अपना वादा पूरा करते हुए उन्हें ढाई हजार रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान अपने बजट में किया है।

कन्हैया अग्रवाल, सदस्य क्रेडा

आदिवासियों के हित में कर रहे कार्य : गंगोत्री योगी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी संस्कृति को सहेजने और सुरक्षित रखने का कार्य कर रही है। भरोसे का बजट में मुख्यमंत्री

ने भोरमदेव मंदिर के समीप आदिवासी संग्रहालय के लिए 03 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे आदिवासी संस्कृति से अवगत होने का अवसर आने वाले पीढ़ी को मिलेगा। बजट में युवाओं, महिलाओं को विशेष रूप से सम्मान दिया गया है। इस बजट में 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवा, जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से कम हैं, उन्हें 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता की घोषणा करके मुख्यमंत्री ने युवाओं से किया अपना वादा भी पूरा किया है।

गंगोत्री योगी, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस

छ.ग. बजट में कवर्धा को मिला विशेष स्थान : कलीम

बजट नगरीय निकायों को भी विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है उन्होने बताया कि

कबीरधाम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, नवीन जंगल सफारी निर्माण, भोरमदेव मंदिर के समीप आदिवासी संग्राहलय का निर्माण हेतु 3 करोड़, पशु औषाधालय निर्माण, उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण, नवीन तहसील भवन निर्माण, इंदौरी में 30 बिस्तर हॉस्पिटल निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए करोड़ो का प्रावधान रखा गया है। सर्वहितकारी बजट है।

मो. कलीम, महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी

सुख, समृद्धि व विकास का बजट : चोवा साहू

यह बजट प्रदेश सरकार का नहीं बल्की आम आदमी का बजट है। जिसमें सभी वर्गो

का ख्याल रखा गया है। खास कर उन छोटे मानदेय प्राप्त कर्मचारियों की सुध ली गई है जो कई वर्षो से अल्प मानदेय पर गुजारा करते आ रहे हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं, कोटवारों, ग्राम पटेल, स्कूल सफाई कर्मचारी, रसोईया, होम गार्ड जैसे कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें बड़ी राहत दी है।

चोवा साहू, उपाध्यक्ष, कृषि उपज मण्डी कवर्धा

भाजपा ने कहा चुनावी बजट

वादाखिलाफी का बजट : संतोष पांडेय

छत्तीसगढ़ के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद पांडेय ने कहा कि अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर

सभी वर्गो को धोखा देने का काम किया है। आज का बजट देखकर यह तो तय है कि 'ऋण कृत्वा घृतं पिबेत' के सिद्धांत पर चलने वाली सरकार के पास ना तो आय का ठिकाना है और ना ही योजनाओ का, बस केंद्र सरकार के पैसे और अलग-अलग एजेंसी से प्राप्त कर्ज के आधार पर लोकलुभावन वादे करना है। विशेषकर पूर्व संचालित चिकित्सा संस्थानों में मुलभुत सुविधा में वृद्धि कर स्तरीय संस्थान बनाने के लिए बजट में प्रावधान शून्य है।

संतोष पाण्डेय, सांसद राजनांदगांव लोकसभा

बजट नहीं ये कांग्रेस का नया घोषण पत्र : भुनेश्वर चन्द्राकर

छत्तीसगढ़ सरकार ने जो बजट पेश किया

है दरअसल वो बजट नहीं बल्कि साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव का घोषणा पत्र है, जिसमें सिवाय लोक लुभावन वायदों के अलावा कुछ नहीं है। उन्होने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जिन युवाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, छोटे मानदेय प्राप्त कर्मचारियों, किसानो को और अन्य वर्गो को अपने कार्य काल के पूरे चार साल छलने का काम किया है। आज चुनावी वर्ष में उन्हें घोषणाओं का लालीपॉप थमाया गया है।

भूनेश्वर चन्द्राकर, जिलाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा

कांग्रेस का यह चुनावी बजट, वास्तविकता से कोसों दूर : साहू

इस बजट में प्रदेश के विकास को लेकर न कोई विजन दिखता है और न ही नियत। नए

कार्यो की बात करना तो दूर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2018 के अपने पार्टी के चुनावी घोषणापत्र के वादों को पूरा करने में भी इस पर कोई प्रावधान नहीं किया है। चाहे बात पूर्ण शराबबंदी करने को लेकर हो या फिर किसानों को दो साल के बोनस का विषय हो, मुख्यमंत्री ने इस पर कोई बात ही नहीं की। श्री साहू ने कहा कि बजट में जो घोषणाएं की गई हैं वह सिर्फ चुनावी हैं।

विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा

गढबो नवा छत्तीसगढ़ कहने वाली जुमलेबाज कांग्रेस सरकार के द्वारा विगत 4 वर्षो में जहां विकास शुन्य, भ्रष्टाचार व अपराध चरम पर, कर्ज से लगा छत्तीसगढ़ यही

छत्तीसगढ़ की पहचान कांग्रेस की सरकार ने जनता के समक्ष रखी है। कांग्रेस सरकार में 11 हजार करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास के वापस हो गए, लगभग आठ लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राही भूपेश सरकार की अदूरदर्शिता के चलते आज भी आवास से वंचित हैं छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों के हक को छीन कर बजट पेश हुआ है।

देवकुमारी चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कवर्धा

बजट ने शासकीय कर्मचारियों व शिक्षकों को किया निराश : रमेश

प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यालय के आखिरी बजट से हमें पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व क्रमोन्नति, सातवें वेतनमान के

अनुरूप गृहभाड़ा भत्ता दिए जाने की उम्मीद था, लेकिन इन सभी विषयों पर बजट में कुछ भी घोषणा नहीं किए जाने से सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों को निराश किया है. शिक्षकों के लिए जनघोषणा पत्र-2018 में क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा अव तक पूर्ण नहीं किया गया है।

रमेश चन्द्रवंशी, जिलाध्यक्ष, छग टीचर्स एसोसिएशन

कर्मचारियों को इस अंतिम बजट से बहुत उम्मीदें : मुरचले

प्रदेश के कर्मचारियों को इस अंतिम बजट से बहुत उम्मीदें थी। वर्तमान सरकार ने अपने जनघोषणा पत्र में कर्मचारियों के लिए बहुत सारे वादे किए थे किंतु किसी भी बजट में उन वादों को पूर्ण करने हेतु कोई ठोस कदम नहीं

उठाया गया।प्रदेश कर्मचारियों को केंद्र के बराबर मंहगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरुप भत्ता प्रदान किया जायेगा किंतु अभी तक इसे पूर्ण नही किया गया। पदोन्नति से वंचित शिक्षक एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत्ति प्रदान करने का भी वादा था पर यह भी पूर्ण नही हुआ। विभिन्न संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर करने का वादा था किंतु इसका तो उल्लेख ही बजट में नही किया गया।

कमल दास मुरचले, प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने बजट में बालोद जिले को दिया अनेक सौगात

■ सभी वर्गों के लोगों ने की सराहना

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत किये गए बजट में बालोद जिले को अनेक सौगात दिया गया है। आज के बजट में बालोद जिले को मिले विभिन्न सौगात से जिलेवासी बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नचित होकर इस बजट की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। राज्य सरकार की इस बजट की प्रशंसा सेवानिवृत्त आईएएस, जन प्रतिनिधि, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, नवयुवक-महिलाएं सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने मुक्तकंठ से की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना, बालोद में नवीन मत्स्य प्रक्षेत्र एवं हेचरी की स्थापना, डौण्डी विकासखण्ड के दल्लीराजहरा में 100 बिस्तर अस्पताल की स्थापना तथा इसके लिए 246 पदों के सृजन का प्रावधान किया है। इसी तरह ग्राम कुसुमकसा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन कर 20 बिस्तर वाला अस्पताल तथा डौण्डीलोहारा में 50 बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना एवं इसके लिए आवश्यक पदों का सृजन करने का प्रावधान किया है। इसी तरह विकासखण्ड गुण्डरदेही के ग्राम हल्दी में नवीन पुलिस चैकी की स्थापना सहित गन्ना उत्पादन किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा आज राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस ऑफिसर एवं जिले के ग्राम झलमला के निवासी श्री बीएल ठाकुर ने इस बजट को सभी वर्गो के लिए हितकारी बजट बताया है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं दिनेश कुमार पिता जेठालाल शाह ग्रुप एमआईजी 4 पद्मनाभपुर दुर्ग छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम दिनेश कुमार शाह पिता जेठालाल शाह रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दिनेश कुमार शाह पिता जेठालाल शाह से ही जाना पहचाना जावे।

दिनेश कुमार शाह
पिता जेठालाल शाह,
ग्रुप एम आई जी-4
पद्मनाभपुर दुर्ग छ.ग.

संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप मनाएं होली का पर्व : कमल सोनी

■ शहर सहित जिलेवासियों को दी होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं



राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने शहर सहित जिलेवासियों को होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप होली का पर्व मनाएं। होली का यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो अब विश्वभर में मनाया जाने लगा है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लोग इस दिन एक अग्नि जलाते हैं और भगवान विष्णु के लिए भक्त प्रहलाद की भक्ति की विजय का जश्न मनाते हैं। होलिका दहन की कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक राजा थे, जिनका नाम हिरण्यकश्यप था, उनका बेटा प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था और विष्णु जी की भक्ति में लीन रहता था। हिरण्यकश्यप को यह बात पसंद न थी इसलिए उन्होंने प्रह्लाद को कई तरीकों से मारने का प्रयास भी किया। अंततः उन्होंने अपनी बहन होलिका से कहा कि वह प्रह्लाद को लेकर अग्नि में प्रवेश कर जाए, जिसके परिणाम स्वरूप होलिका जल कर मर गई और भक्त प्रह्लाद बच गए। जिसके पश्चात हिरण्यकश्यप की क्रूरता को समाप्त करने हेतु भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया और हिरण्यकश्यप को समाप्त कर दिया। तभी से होलिका दहन का प्रचलन शुरू हुआ और होलिका की अग्नि में बुराइयों के समाप्त होने के बाद खुशियां मनाने के लिए अगले दिन रंग खेलने की प्रथा शुरू हुई।

श्री सोनी ने आगे कहा कि होली का महत्व होली का त्योहार मुख्य रूप से वसंत ऋतु यानी कि वसंत की फसल के समय मनाया जाता है जो सर्दियों के अंत का प्रतीक भी माना होता है और हिंदू कैलेंडर के फाल्गुन महीने में मनाई जाती है। यह उत्सव फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शाम से ही शुरू हो जाता है और दो दिन तक मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्योहार है। लोग इस दिन एक अग्नि जलाते हैं और भगवान विष्णु के लिए भक्त प्रहलाद की भक्ति की विजय का जश्न मनाते हैं। इस दिन लोग होलिका की पूजा भी करते हैं, क्योंकि हिंदू पौराणिक कथाओं में यह माना जाता है कि होलिका पूजा सभी के घर में समृद्धि और धन लाती है। लोगों का मानना है कि होलिका पूजा करने के बाद वे सभी प्रकार के भय पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। होली समाज को एक साथ लाने और एक दूसरे के बीच ताने-बाने को मजबूत करने में मदद करती है, क्योंकि यह त्योहार हिंदुओं के अलावा अन्य धर्मों में भी मनाया जाता है। होली की परंपरा यह है कि होली पर शत्रु भी मित्र बन जाते हैं और आपसी किसी भी लड़ाई को भूल जाते हैं। इस दिन लोग अमीर और गरीब के बीच भी अंतर नहीं करते हैं और सभी लोग मिलनसार और भाईचारे की भावना के साथ इस त्योहार को मनाते हैं।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईशतहार

रा.प्र.क्र.70 अ- 20(3)/2022-23

आवेदकगण गोपाल राठी आ स्व. नत्थूलाल राठी एवं अन्य 02 निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र 20 सी भूखंड क्र 23/1 क्षेत्रफल 232.41 वर्गमीटर भूमि धारकगण गोपाल ,गिरीश नेमा, रचना पिता स्व. नत्थुलाल राठी,आभा राठी पति स्व. मनीष उदित मानसी पिता स्व. मनीष नि गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक नेमा रचना पिता स्व. नत्थूलाल राठी उदित मानसी पिता स्व. मनीष राठी द्वारा उक्त भूखण्ड का टुकड़ा क्षेत्रफल 132.80 वर्गफीटर भूमि अन्य सहधारकगण गोपाल गिरीश आ स्व. नत्थूलाल राठी आभा राठी पति स्व. मनीष राठी के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 17.02.2023 को निष्पादित किया है आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत हक की त्याग पत्र पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्ता कर नाम विलोपित कर हक त्याग प्राप्तकर्ता के नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एव आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/03/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईशतहार

रा.प्र.क्र.73अ- 20(3)/2022-23

आवेदक श्रीजल कुमार शर्मा आ. श्याम कुमार शर्मा निवासी भवानी नगर कोटा रायपुर द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है। कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 29 सी प्लाट नंबर 132 रकबा 116 वर्गमीटर भूमि धारक बसंत कुमार शर्मा आ खेदुप्रसाद शर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 28.01.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र- पुत्री चन्द्रकांता ,श्याम कुमार ,शशिकांत सरिता शक्ला है। धारक द्वारा अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 23.03.2022 को अपने पौत्र आवेदक श्रीजल कुमार शर्मा के पक्ष निष्पादित किया है। आवेदक द्ारा उक्त वसीयनामा के आधार पर मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एव आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/03/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई

मामलेकी श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00019 कोहका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- सीजी5106413022023012

ईश्तहार

तहसील दुर्ग प.ह.नं.00019 ग्राम कोहका वर्तमान भूमि स्वामी जितेंद्र कुमार पुत्र सीताराम पुत्र एलआईजी- 527 हाउसिंग बोर्ड बस्ती दादर मार्ग वार्ड नं.- 315 कैंप 2 वार्ड नं. 57 शारदापारा-किसान चौक भिलाई तहसील जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ त्रुटिपूर्ण होने के बाद नामांतरण/रिकॉर्ड में सुधार/ खाता विभाजन का मामला अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में लंबित है. इस मामले की सुनवाई दिनांक 09/03/2023 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय अपर तहसीलदार भिलाई में होगी. उपरोक्त के संबंध में कोई भी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह अपना दावा या आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से विज्ञापन के प्रकाशन के पहले या मामले की सुनवाई के समय प्रस्तुत कर सकता है। प्रकरण की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

202302101200059
अ-74/2022-23

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन निवासी ऋषभनगर दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम अण्डा प.ह.नं. रा.नि.मंडल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 14, 8 रकबा 0.940, 0.940 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायलय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.03.23 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं । समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.2.23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 27.02.2023
पेशी दिनांक 15.03.2023

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

Notice is hereby given to all concern that **"M/S SWARA ENTERTAINMENT, KAWARDHA (C.G)** has undergone the following changes: That SATISH KUMAR JAIN has retired the business of partnership firm w.e.f. 01/04/2018.
KAWARDHA (C.G)
Dated:06/03/2023

For, M/S SWARA ENTERTAINMENT,
(PARTNERSHIP)

कार्यालय नगर पालिक निगम दुर्ग

Emailld:- durgmc2019@gmail.com Phone-0788-2322146

-:: निविदा संशोधन सूचना ::-

क्रमांक 579/लो.क.वि.अ./2023-24 दिनांक 02.03.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2020 में निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 10.03.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 17.03.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 22.03.2023
निविदा खोलने की तिथि - 23.03.2023 शाम 4.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1.	वार्ड क्र. 25 गायत्री मंदिर के विभिन्न गलियों में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने का कार्य (पार्षद निधि 2022-23)	6.00
2.	वार्ड क्र. 44 देवार समाज में सार्वजनिक भवन का संधारण व टाईल्स लगाने बाबत् (पार्षद निधि 2018-19)	1.00
3.	वार्ड क्र. 29 न.पा.नि. ऑफिस के सभागार के प्रथम तल के वॉल्स में Accousic sound Proofing निर्माण कार्य (श्री हरीश कुमार साहू, एल्डरमेन निधि 2021-22, 2022-23 की बचत राशि से), (श्रीमती रत्ना नारमदेव, एल्डरमेन निधि 2021-22 2022-23 की बचत राशि से), (श्री अंशुल पाण्डेय, एल्डरमेन निधि 2021-22, 2022-23 की बचत राशि से), (महापौर निधि 2023-24 5.30 लाख की राशि)	19.80
4	वार्ड क्र. 29 न.पा.नि. के ऑफिस के सभागार के प्रथम तल के सीलिंग में Accousic sound Proofing निर्माण कार्य (श्रीमती बबीता यादव, पार्षद निधि 2020-21 2021-22, 2022-23 की बचत राशि से) (श्री मनीष यादव, एल्डरमेन निधि 2020-21 की बचत राशि से)	9.00
5.	वार्ड क्र. 3 सारथीपारा में तालाब किनारे महतारी घाट (विधायक निधि 2022-23)	7.00
6.	वार्ड क्र. 29 सी.सी. रोड सैनिक कार्यालय, दुर्ग में रोड निर्माण (विधायक निधि 2022-23)	5.50
7.	वार्ड क्र. 29 नगर चौपाटी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण रंगरोगन, संधारण एवं सौंदर्यीकरण करने बाबत । (अजय गुप्ता, एल्डरमेन निधि 2022-23)	6.00
8.	शीतला सतरूपा मंदिर के पास सिविल लाईन में सौंदर्यीकरण करने बाबत (विधायक निधि 2022-23)	5.90

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रं./ पब्लिक स्व. वि./2023/938/ भिलाई, दिनांक 02/03/2023

// ई-प्राक्सूरमेंट निविदा सूचना //

Main Protal: https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा गोकुल नगर के पास मैदान का समतलीकरण हेतु किराये पर मिनी चैन एक्सावेटर उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	Tender	Tender Release	Tender Download, Bid preparation & payment	Physical Submission of Required Documents with EMD fee	EMD Opening and short Listing
1	126436	02/03/2023 (10:30AM) to 02/03/2023 (05:30PM)	02/03/2023 (10:30AM) to 17/03/2023 (05:30PM)	02/03/2023 (10:30AM) to 22/03/2023 (05:30PM)	From 23/03/2023 (10:30 AM)

कार्यपालन अभियंता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सुचित किया ाता है कि आवेदक युगल किशोर आ./पति आशा राम निवासी-नकुम के द्वारा अपने ामित्व की भूमि ग्राम-धनोरा प.ह.न.39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 119/19 रकबा 0.0131हें0 1412 वर्गफीट अवासीय प्रयोजन हेतु हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2)की धारा के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उ्दघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदिका ममता चन्द्रकार आ./पति भूपेन्द्र कुमार चन्द्राकर निवासी-गणेश नगर जामुन के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न.56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 631/13 रकबा 0.016 हें 1700 वर्गफीट अवासीय प्रयोजन हेतु हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2)की धारा के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उ्दघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 03/03/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202303100400
पक्षकार का नाम- श्री श्यामलाल देशमुख

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री श्यामलाल देशमुख आ. श्री द्वारिका प्रसाद देशमुख निवासी-ग्राम आलबरस दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	343/10	0.0185हे. 2000 वर्गफुट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202303100400
पक्षकार का नाम- श्रीमती यानेश्वरी साहू

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती यानेश्वरी साहू पति श्री तेजप्रताप साहू निवासी-वार्ड नं. 01 दल्लीराजहरा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	132/36	0.022हे. 2400 वर्गफुट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
बी- 4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली- 110016

विज्ञापन संख्या-02 /2023

निम्नलिखित गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं -

क्रम सं.	पद का नाम तथा पे-लेवल	पदों की संख्या तथा श्रेणी
1	अनुभाग अधिकारी पे लेवल-7	01- अनुसूचित जनजाति
2	निजी सहायक पे लेवल-6	01- सामान्य
3	प्रयोगशाला सहायक पे लेवल-4	01 सामान्य
4	वरिष्ठ लिपिक पे लेवल-4	01- अन्य पिछड़ा वर्ग, 01 - अनुसूचित जनजाति
5	आशुलिपिक पे लेवल-4	01- अन्य पिछड़ा वर्ग, 02 - सामान्य
6	कनिष्ठ लिपिक पे लेवल-2	01 सामान्य
7	स्टॉफ कार ड्राईवर पे लेवल-2	01- सामान्य
8	बहुकार्य कर्मचारी (ग्रुप-सी) पे लेवल-1	03 सामान्य, 01 - EWS
9	प्रयोगशाला परिचर पे लेवल-1	01 - PwBD नेत्रहीन एवं कम दृष्टि

भर्ती से संबंधित पात्रता मानदंड विस्तृत नियमों एवं शर्तों के साथ वेबसाइट www.slbsrsv.ac.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उम्मीदवारों के लिए अपने आवेदन को केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा करने के साथ 1000/- (रू.500/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ महिला/अन्य पिछड़ा वर्ग/EWS श्रेणियों के लिए) रूपये का शुल्क जमा करना आवश्यक है। PwBD उम्मीदवारों को कोई शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। कोई भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। विधिवत भरे हुए ऑनलाइन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 24.03.2023 है। ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट आउट की प्रति सहायक दस्तावेजों के साथ दिनांक 31.03.2023 को या उससे पूर्व डाक द्वारा विश्वविद्यालय में पहुँच जानी चाहिए।

सी.बी.सी. 21371/12/0012/2223 **कुलसचिव (प्रभारी)**

संक्षिप्त खबरें

उरला में कल शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 57 उरला आईएचएसडीपी आवास के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने व्यवस्था के लिए निगम के सर्व अधिकारी व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दे कि दिनांक 6 मार्च को समय 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।आयुक्त ने अधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि आप आपने विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में कर्मचारियों को शिविर में उपस्थित होने निर्देशित करेगें एवं उन्होंने ये भी कहा अधिकारी स्वयं भी कार्यों के मॉनिटरिंग करेंगें विशेष रूप से जैसे कि एनयूएमएल गाडी सफाई, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मकान किराया वसूली, आवास आवंटन की कार्यवाही,निराश्रित पेंशन,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली की समस्याओं का निराकरण त्वरित किया जाना हैं। आयुक्त ने कहा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिस विभाग के द्वारा शिकायत एवं मांग का निराकरण नहीं गया उन विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही जावेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड के रहवासियो से अपील कर कहा कि हितग्राही अपनी समस्याओं का निराकरण करने हेतु अपने वार्ड के नजदीक उरला आईएचएसडीपी आवास के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय शिविर में पहुँचकर समस्यों का निराकरण हेतु लाभ अवश्य उठाए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के सर्वागींण विकास वाला बजट: विशाल देशमुख

दुर्ग। दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद के

सदस्य विशाल देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के सर्वागीण विकास के लिए बजट प्रस्तुत किया गया जो स्वागत योग्य हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंतिम छोर के शासकीय सेवकों जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक, मितानिन, कोटवार, ग्राम पटेलों एवं स्कूलों में मध्यान भोजन बनाने वाले कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया हैं। सरकार ने गरीबों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया हैं। वह गरीबों के लिए राहत हैं। बजट में शिक्षित बेरोजगारों के लिए 2.5 लाख तक आय श्रेणी को 25 सौ रूपय महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाना बेरोजगारों के लिए बहुत बड़ी राहत हैं।

सरकार ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र उन्नयन के लिए प्रदेश में 101 नये आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा तथा प्रदेश के सुदुर आदिवासी अंचलों में 4 मेडिकल कॉलेज कवर्धा, गीदम, मनेन्द्रगढ़ एवं जांजगीर चांपा में खोलने की घोषणा करना सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता हैं। बजट में सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में नया कर नहीं लगाकर प्रदेश के सर्वागीन विकास के लिए कार्य करना स्वागत योग्य हैं।

आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का अच्छा मौका

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आधार कार्ड के अपडेशन के लिए तथा आयुष्मान कार्ड तैयार करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शिविर का शेड्यूल का आदेश जारी कर दिया है। शिविर 23 फरवरी 2023 से प्रारंभ हो चुका है। शिविर के माध्यम से जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष पूर्व बने हुए हैं उनके आधार कार्ड को अद्यतन करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए शिविर में आधार कार्ड के ऑपरेटर मौजूद है। शिविर के सफलतम आयोजन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा आधार अपडेशन के लिए भिलाई निगम के वार्ड क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवा लें। शिविर में आधार कार्ड अपडेशन के लिए 1384 लोग पहुंचे और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया इसके अलावा आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 799 ने अप्लाई किया है।

सीएम ने पेश किया भरोसे का बजट : देवेंद्र

- **चहुमुखी हो रहा प्रदेश का विकास, महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर और युवाओं को मिल रहा रोजगार**

भिलाई/ नवप्रदेश। हम सब के कका, हमारे मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बजट पेश किया है। यह बजट जनता के विश्वास का बजट है। प्रदेश के प्रत्येक परिवार के हित और विकास का बजट है। विकास की नई गाथा लिखने वाले बजट है। इस बजट में हम सब के कका भूपेश बघेल जी ने प्रदेश के गरीब किसान, मजदूरों से लेकर शिक्षित बेरोजगार, युवाओं, नौकरीपेशा करने वाले लोगों और व्यापारियों सभी वर्ग को हित और विकास को ध्यान में रख कर इस बजट को बनाया है।

यह बजट प्रदेश के इतिहास में सर्वांगिण विकास वाला बजट है। विधायक देवेंद्र यादव ने बजट के बारे में बताते हुए आगे कहा कि बजट में सीएम भूपेश बघेल ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास के लिए घोषणा की है कि नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना 1000 करोड़ रुपये, दुर्ग से नवा रायपुर के लिये लाइट मेट्रो सेवा, नगरीय क्षेत्र में औद्योगिक पार्क 50 करोड़ रुपये,कोरबा में नवीन ताप विद्युत गृह 25 करोड़ रुपये से बनाए जाएंगे। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास के लिए भी खास घोषणाएं की है। जिसमें सबसे खास बात यह है कि 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 807 करोड़ रुपये,राज्य में 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय 200 करोड़ रुपये, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना 990 करोड़ रुपये देंगे। आगे विधायक श्री देवेंद्र यादव ने बताया कि हमारे मुखिया सीएम भूपेश बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका दीदी लोगों के हित में भी बड़ा फैसला लिए है। इसी प्रकार ग्राम कोटवारों के लिए सेवा भूमि के आधार पर 3000, 4500, 5500, 6000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। होमगार्ड जवानों हेतु न्यूनतम 6,300 से अधिकतम 6,420 रुपये प्रतिमाह, स्वावलंबी गोठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष हेतु 750 एवं अशासकीय सदस्यों हेतु 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा।

मार्केट क्षेत्रों में व्यापारियों के सहयोग से होगा प्लांटेशन

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के मध्य आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। आयुक्त ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए मार्केट क्षेत्रों में व्यापारी वृक्षारोपण करें तथा इसे संवारने की जिम्मेदारी लें तो शहर में हरियाली का दायरा बढ़ेगा।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में बहुत ही कम स्थान मिल पाता है, लेकिन स्वच्छ वातावरण के लिए मार्केट क्षेत्रों में भी उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण व्यापारियों के सहयोग से किया जा सकता है, व्यापारी अपने द्वारा लगाए गए पौधों की स्वयं देखरेख करे तो पौधे सत प्रतिशत बड़े हो पाएंगे तथा अच्छा वातावरण लोगो को मिल पाएगा। इस दिशा में उन्होंने व्यापारियों से सहयोग करने कहा, उन्होंने कहा कि आजकल आधुनिक तरीके से कम स्थानों पर प्लांटेशन की नई तकनीक में काम किया जा रहा है।

बहुत ही कम स्पेस वाले स्थानों में ऐसे वृक्षारोपण कारगार भी साबित हो रहे हैं। इसके लिए ऊंचाई वाले पौधे और सुरक्षा की दृष्टि से लगे हुए पाइप की तकनीक काफी उपयोगी है, पाइप लगे होने के कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से इन्हें हानि भी नहीं होती है और पौधे बढ़ते चले जाते हैं, इन्हें कम जगह वाले स्थानों में आसानी से लगाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा भरोसे का बजट : जंघेल

दुर्ग/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए भरोसे के बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए दुर्ग नगर निगम के पूर्व नेता प्रातिपक्ष देवकुमार जंघेल ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में सभी का ध्यान रखा गया है। गांव, ग़रीब और किसान की सुध ली गई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 6880 करोड़ का बजट प्रावधान किया जाना स्वागतेय कदम है।

इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी पर्याप्त आबंटन किया जाना स्वागत योग्य कदम है। जिससे 101नये स्वामी आत्मानंद विद्यालय और चार नये मेडिकल कालेज खोले जाएंगे।इससे शिक्षा का स्तर सुधरेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। बेरोजगार युवाओं को हर माह 2500 रुपए बेरोज़गारी भत्ता देकर सरकार ने अपना वादा निभाया है। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए उनका और सहायिकाओं को मानदेय बढ़ाया गया है। मितानीनों, कोटवारों, ग्राम पटेलों व मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों के मानदेय में वृद्धि से लाखों लोग लाभान्वित होंगे। नया रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो सेवा एक बड़ी सौगात है।

नगरीय निकायों के लिए भी करोड़ों का बजट प्रावधान करने से शहरी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। निश्चित रुप से अपने नाम के अनुरूप यह भरोसे का बजट प्रदेश की सवा दो करोड़ जनता का भरोसा जीतने वाला बजट है। जो आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस की फिर एक बार ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करेगा।

5 करोड़ के विकास कार्यों का निरीक्षण

- **जल्द ही वार्डों में प्रारंभ होंगे 25 करोड़ के मूलभूत विकास कार्य : वोरा**

भिलाई/ नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा विधानसभा के बजट सत्र के बावजूद वार्डों के दौरे पर हैं एवं लगातार जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही प्रगतिरत एवं पूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। निगम अमले के साथ वोरा ने पटरी पार क्षेत्र के वार्ड 16, 17, 18, 19 एवं बोरसी क्षेत्र में वार्ड 49, 50, 51, 52 एवं 53 में चल रहे जनहितकारी कार्यों का निरीक्षण किया। जिनमें पटरी पार में जल भराव से निपटने के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अनुरूप 1.5 करोड़ से बड़े नालों का निर्माण एवं 95 लाख की लागत से बन रहे विद्युत नगर नाला के साथ ही सड़क नाली के अनेक प्रगतिशील कार्य विधायक ने निगम अभियंताओं के साथ दौरा कर देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर में हो रहे विकास कार्यों को लेकर विधायक ने कहा कि लगातार शहर के सर्वांगीण एवं समरूपता पूर्ण विकास के लिए शासन द्वारा राशि जारी करवाई जा रही है बड़े कार्यों के साथ ही वार्डों में अंदरूनी विकास कार्य कराए जाने आवश्यक हैं। जल्द ही 60 वार्डों में 25 करोड़ से सड़क, नालों एवं प्रकाश व्यवस्था आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। जिन्हें जनभावनाओं के अनुरूप शीघ्र प्रारंभ करवाया जाएगा।

सुपेला चौक के आसपास नेशनल हाईवे पर जमीन मे लगे धारदार एंगल से सावधान

भिलाई/ नवप्रदेश। फ्लाईओवर कंपनी की लापरवाही से सुपेला के आसपास बीच रोड में अधूरे एंगल को काटकर छोड़ दिया गया जिसके कारण कई गाड़ियों की टायर फट रहे हैं गाड़ियां पंचर हो रही हैं लोग दुर्घटनाएं का शिकार हो रहे हैं फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी को आम लोगों को होने वाली परेशानियों से कोई मतलब नहीं आम जनमानस हलाकान है लोग बेमौत मर रहे हैं रोड पर जो एंगल सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए थे उन्हें आधा काटकर यूं ही छोड़ दिया गया है जिससे लोगों की गाड़ियां पंचर हो रही टायर कट लग रहे हैं दुर्घटनाएं हो रही हैं अगर सुपेला चौक से आप निकल रहे हैं तो सावधानी से निकले

आपके टायरों को क्षति पहुंचा सकता है रोड पर धारदार जमीन में गड़े हुए एंगल जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त को इस संदर्भ में संज्ञान कराते हुए शीघ्र ही धारदार एंगल दिख रहे हैं उन्हें हटवाने की मांग की है जिससे आम जनमानस को राहत प्रदान हो सके मांग करने वाले में प्रमुख रूप सेजनहित संघर्ष समिति के संरक्षक शारदा गुप्ता मदन सेन निशु पांडे राजेश सिंह अखिलेश वर्मा जेपी घनघोरकर गोकुलेश तिवारी बंटी नाहर, सुनील गुप्ता दिलीप दामले अजय चौधरी नरेश संतोष सोनी अमोल साहु अनिल गजभिए पीसी प्रसाद ओ पी गुप्ता शिवनाथ साव सहित प्रमुख कार्यकर्त्ता है।

विधायक ने अबीर लगाकर बड़ों से आशीर्वाद लेकर होली की बधाई दी

- **सेक्टर 5 विधायक कार्यलय के सामने जमकर खेली गई फूलों की होली**

भिलाई/ नवप्रदेश। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेक्टर 5 निवास परिसर में रविवार होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जहां एक ओर भजन कीर्तन चलता रहा वही भक्तों को महा प्रसादी का वितरण भी किया गया।

इस समारोह के अवसर पर भिलाई नगर सहित हजारों की संख्या में खुर्सीपार और छावनी से भी लोग पहुंचे। जिन्होंने विधायक श्री यादव से मुलाकात किए। बारी बारी से विधायक श्री यादव लोगों से मिले और सब का दिल से धन्यवाद किया। सब बड़े बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर पैर छूकर प्रणाम किए और होली की बधाई दी। साथ ही हम उम्र और छोटो को लगे सागर होली महापर्व की शुभकामनाएं दी। दिन भर भेंट मुलाकात और मुबारकबाद का दौर चलता रहा। साथ ही यहां

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के होली मिलन समारोह में भजन कीर्तन और भोजन का भी पूरा इंतजाम किया हुआ था।

फूलों की होली खेली,नगाड़े की धुन में जम कर थिरके

होली मिलन समारोह में भक्ति संगीत का आयोजन होने के बाद फूलों की होली खेली गई फूलों से लोगों ने होली खेली और नगाड़े की धुन में जमकर डांस देखिए होली गीत जब शुरू हुई तो जमकर लोगों ने रंग गुलाल उड़ाए। जम कर होली खेली। पुराने जमाने के होली गीतों ने सब का मन मोह लिया।इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक श्री यादव ने पूरे भिलाई वासियों को हृदय से होली महापर्व की खूब सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। आगे उन्होंने कहाँ की होली पर्व प्रेम का पर्व है। भाईचारे का पर्व है। मन के द्वेश, बैर भाव को मिटाकर सब को लगे लगाकर सब को प्रेम और भाईचारे के रंग में रंगना। यह संदेश भी उन्होंने दिए। आगे उन्होंने कहा कि पूरे भिलाइवासियो ने मुझे जो प्रेम, आशीर्वाद दिया है । मैं इसका कर्ज कभी अदा नही कर पाऊंगा और मेरे जीवन का एक ही उद्देश्य है मैं पूरा जीवन अब भिलाइवासियो की सेवा में गुजरेगा।

सरकार के भरोसे वाले बजट में सभी वर्गों को मिली सौगात

- **न्याय के चार वर्षों से राज्य में फैली खुशहाली पांचवें वर्ष भी जारी: वोरा**

दुर्ग/ नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत किए गए राज्य सरकार के बजट की जमकर तारीफ की गई। उन्होंने इसे सार्वभौम विकास एवं जनता के भरोसे वाले बजट की संज्ञा देते हुए कहा कि 15 वर्षों की बदहाली के बाद प्रदेश वासियों ने सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के जिन 4 वर्षों की खुशहाली का अनुभव किया है सरकार के पांचवे वर्ष में उसमें और भी अधिक वृद्धि हुई है। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, पेंशन में वृद्धि, सड़कों के लिए प्रावधान जैसे अनेकों जनता को सीधे लाभान्वित करने वाली घोषणाओं के साथ ही नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो, दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट, किसान न्याय योजना, रेलवे ब्रिज, मेकाहारा अस्पताल में उन्नयन जैसे दूरगामी फैसले भी सरकार ने लिए हैं। राज्य के विकास के लिए आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों के विश्वास को भरोसे का बजट समर्पित किया है। पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ मॉडल का डंका बज रहा है। गौठनों में गोबर खरीदी से लेकर भूमिहीन मजदूर और किसान को न्याय देने का मॉडल कांग्रेस के दूरगामी सोच का ही परिणाम है। जन स्वास्थ्य की मजबूती के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक जैसी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है आज का बजट इन सुविधाओं का और विस्तार करेगी।

कांग्रेस के अंतिम बजट में गरीबों और गांव की उपेक्षा, बेरोजगारों के साथ ठगी : जितेन्द्र वर्मा

दुर्ग/ नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भूपेश सरकार का अंतिम बजट से सर्वहारा वर्ग की उम्मीदें बुरी तरह से टूट गई है, इसमें गांव और गरीबो की घोर उपेक्षा हुई है। सरकारी कर्मचारियों के लिए कोई नई घोषणा नही है इसके अलावा न तो दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का ख्याल रखा गया और न ही झुग्गी झोपड़ी के श्रमिकों के हालत पर चिंता दिखाई गई। भूपेश सरकार ने 1 लाख 21हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया है। राज्य निर्माण के प्रारंभिक साल में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने महज 4 हजार करोड़ का बजट प्रस्तुत किया था, दो दशक से अधिक के कालखण्ड में राज्य का बजट 28 गुना बढ़ गया पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट में न दीर्घकालीन योजनाओं का खाका खींचा गया है और न ही विकास के लिए कोई प्रतिबद्धता दिख रही है। बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता की घोषणा जरूर की गई है, मगर इसमें भी चालाकी दिखाते हुए छल किया गया है इस दायरे में वही आएगा जिसके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक न हो, जबकि कांग्रेस के 2018 के घोषणापत्र में ऐसी कोई शर्त नहीं थी, बेरोजगारी भत्ता मात्र दो साल के लिए दिया जाएगा जो कि बेरोजगारी और बेरोजगारों के लिए लॉलीपॉप के समान है। भूपेश बघेल ने इस बजट को जनता के भरोसे का बजट बताया है जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के इस बजट जनता का भरोसा टूटा है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईशतहार

रा.प्र.क्र.आरडी202223430103300040 182/अ / 6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दमयंती सिंह पति स्व. ओम प्रकाश सिंह अन्य 02 निवासी रामनगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि पुराना ख.नं. रकबा 0.010 हे./1165 वर्गफीट है जो भूमिस्वामी बुधवन्तीन जौजे मनीराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी बुधवन्तीन जौजे मनीराम एवं आवेदक के पिता मनीराम देवांगन की मृत्यु दिनांक 15/10/2015, 22.06.2018 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋष्टा पुस्तिका की छया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14/03/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील | अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र। 202302160100011 अ-20(3) 2022-23

ईशतहार

आम जनता को इस ईशतहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल किशोर माकन पिता बृजभूषण मकान जाति क्षत्रिय निवासी बड़ेबचेली नगरीय क्षेत्र बड़ेबचेली वार्ड क्र. तहसील बड़ेबचेली जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नंबर 9425591151 को ग्राम बचेली पहन 02 तहसील बचेली जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1377/1 रकबा 2.2898 हेक्टे. में से 360 वर्गमीटर भूमि व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यवस्थापन/बंटन किए जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17.03.2023 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार आज दिनांक. 02.03.23 को जारी किया जाता है।

सील | नजूल अधिकारी, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

मामला क्र. 10230310070013 अ-27 /2022-23

ईशतहार

(धारा 178 प्रारूप ख)

क्योंकि मौजा कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी पुत्र उद्धव देवांगन अन्य 4 आ. स्व. थनवार निवासी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिये आवेदन किया है, एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई का दिनांक 28/03/2023 स्थान तहसील दुर्ग पर दिन 11.00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो, तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जायेगा ।

(खाते का विवरण)

सर्वे संख्याक/भू खंडाक 767/151

क्षेत्रफल 0.008

भू-राजस्व 4.5000/-

आज दिनांक 113/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email: rmczone10@gmail.com

ईशतहार

नामांतरण प्र.क्र.1976 दिनांक 04.03.2023

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651J0001B जो कि निगम अभिलेख में श्री BALRAM PATEL पिता श्री ROSHANLAL PATEL के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती केशर साहू पति श्री हरिश कुमार साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया, जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2

मामलेकीश्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00002 कोटनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी 202223430106900004

ईशतहार

तहसील दुर्ग पी.एच.एन. भूपेश कुमार शर्मा पुत्र एनपी शर्मा पुत्र प्रदीप कुमार नदिया पुत्र विष्णु प्रसाद नदिया पुत्र कसारीडीहदुर्ग के ग्राम कोटनी का 00002 मकान मालिक/क्रेता द्वारा प्रस्तावित खसरा संख्या 200 (0.3100) में भूपेश कुमार शर्मा पिता- एनपी शर्मा पिता- प्रदीप कुमार नादिया पिता/पति विष्णु प्रसाद नादिया पता- कसारीदिहदुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक दिग्विजय सिंह नेताम पिता स्व. सदासिंह नेताम निवासी ग्राम डौंडीलोहारा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 89, 319, 116/60, 117/54 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सदासिंह नेताम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 14/3/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/2/29 को यह उदघोषणा गरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी तिथि 23/02/2023

सुनवाई तिथि 14/03/2023

सील | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 कोहका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- सीजी5124913022023010

ईशतहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम कोहका के वर्तमान भूमिस्वामी महेश राम कौशिक पिता/पति स्व. लखनलाल कौशिक पता क्वा.नं. 20डी, सड़क नं.13, सेक्टर-02 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 6608/3(0.0104) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सीमा जायसवाल पिता/पति- मिथलेश कुमार जायसवाल पता-म.नं.183, केम्प- 01, प्रगति नगर, जायसवाल फर्नीचर जलेबी चौक, वार्डनं. 30, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील | अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमजीत कौर आ./पति लखविन्दर सिंह निवासी सरोजनी नगर धनोरा के द्वारा अपने स्मात्वि की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नं. 1017/12 रकबा 0.020 हे. 2270 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/03/2023 को मेर हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

भटगांव/नवप्रदेश। होली का पर्व नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन के द्वारा नगर तथा आसपास क्षेत्र में में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए

थाना स्टॉप सहित एडस्नल एसपी के द्वारा नगर में पैदल मार्च निकाला गया जिससे नगर में शांति पूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाया जा सके साथ ही किसी प्रकार के अनहोनी घटना ना होने पाए। यह पैदल मार्च जिले के तहसील व ग्रामों में थाना, चौकी स्टॉप के साथ यह रैली निकाली जा रही है और इस कड़ी में आज नगर पंचायत भटगांव में एएसपी के नेतृत्व में भटगांव थाना स्टॉप के साथ नगर में पैदल मार्च निकाला गया यह पैदल मार्च भटगांव थाना से प्रारंभ किया गया जिसके बाद नगर के गली मोहल्लों में व बस्तियों में घूमते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचे इस पैदल मार्च में भटगांव थाना के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

माड़ागांव विद्युत उपकेन्द्र पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि से अंचल के 9000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे

गरियाबंद/नवप्रदेश। इंदागांव उपकेन्द्र 132/33 केव्ही के निर्माण होने से मैनपुर देवभोग अंचल में विद्युत वोल्टेज में अपेक्षित सुधार आया है। वोल्टेज सुधार होने से नये कनेक्शनों जैसे व्यवसायिक, सिंचाई पंप कनेक्शन, राइस मिल व अन्य विद्युत कनेक्शन में उत्तरोत्तर वृद्धि की संभावना है। जिसके कारण भार वृद्धि होगी। इसको दृष्टिगत रखते हुये देवभोग उपसंभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र झाखरपारा के 33 / 11 केव्ही उपकेन्द्र माड़ागांव में 23 फरवरी 2023 को 1.6 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करके 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। उक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से झाखरपारा क्षेत्र के 60-70 ग्राम के लगभग 9000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

'शहीदों के नाम रक्तदान' जरूरतमंद के लिए आवश्यक

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में विगत पांच वर्षो से 'युवा द्वारा रक्तदान-शहीदों के नाम' विशाल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 77 युवाओं ने रक्तदान कर आयोजन को और अविस्मरणीय बना दिया,शिविर की परिकल्पना को साकार के लिए युवा कांग्रेस कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में यह शिविर संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि क्रेडा आयोग सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जनभागीदारी अध्यक्ष मोहित महेश्वरी, योग आयोग सदस्य गणेश योगी, महिला जिला अध्यक्ष गंगोत्री योगी, जनभागीदारी सदस्य राजेश मखीजानी, धनूक वर्मा, नेतराम जघेल, प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, खैरागढ़ युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, सुमीत जैन, शिवप्रसाद वर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष मुकेश झरिया, बृजेश कौशिक, दीपक ठाकुर, जय साहू, मुकेश कौशिक, आरिफखान, इंद्रा दास बंजारे, ऋषि तिवारी, पवन तिवारी, पदुम सेन, प्रचार्य डा बी.एस चौहान, डा रिचा मिश्रा, दीपक देवांगन, दीप्ति जांगड़े, मुकेश कामले, नरेंद्र कुलमित्र, अनिल शर्मा, सुनिता जाघड़, कविता कन्नौज, एल.एन.कुर्रे, खेलन महुले, धर्मेंद्र साहू, जय मेहरा सहित गुरुजनों, प्रबुद्धजनों का मार्गदर्शन रहा।

सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं सत्य अहिंसा के पुजारी आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, रक्तदान के इस संदेश को छात्र-छात्राओं के माध्यम से 'सर्वधर्म-सर्ववर्ग' समाज में जागरूकता लाने व जरूरतमंद लोगों को समय मे रक्त मिले। इसी उद्देश्य को लेकर यह रक्तदान शिविर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया।

युवाओ के चहेते अश्वनी वर्मा और युवा कांग्रेस अध्यक्ष कवर्धा वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि रक्तदान करके एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति की जान बचाता है। इतना ही नहीं उनके परिवार के लिए खुशियां देता है, अपने शरीर का रक्त किसी के लिए दान कर देना ही सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है।रक्तदान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक और फायदेमंद होता है, यह एक अच्छा अवसर भी है, किसी दूसरे के रगों में बहने का।

व्यक्ति के मन में रक्तदान करने से जुड़े कई भ्रम की वजह से लोग रक्तदान नहीं कर पाते।कभी कभी लोगों को समय पर रक्त ना मिलने पर सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त ही सबसे सुरक्षित होता है।गर्भवती माताओं एवं अन्य गंभीर रूप से बीमारी जैसे सिकलिन,दिल की बीमारी कैंसर, विटामिन की कमी, कुपोषण ग्रसित बच्चों को रक्तदान कर उन्हें उपहार में जीवन देते हैं। जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहता है, और रक्त उपलब्ध ना हो तभी हमें रक्तदान का महत्व पता चलता है। प्रमुख रूप से 77 रक्तवीर ने रक्तदान किया। योगी चेरिटेबल का विशेष सहयोग रहा।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले नारद चंद्रवंशी, जितेंद लहरे, अमित वर्मा, राजेश पात्रे,प्रकाश चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, देवकुमार चंद्रवंशी, गजेंद्र वर्मा, परमानंद वर्मा, चिंतामणी चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, सहदेव चंद्रवंशी, रामगोपाल वर्मा, अजय वर्मा, लोकेश वर्मा, घनश्याम साहू, भोला चंद्रवंशी, दीपक पाली, आनंद कुंभकार, गोवर्धन चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, कोमल वर्मा, रामू लांजी, मोहन वर्मा, रामनारायण वर्मा, प्रेम चंद्रवंशी, किरण वर्मा, अमन वर्मा, प्रवीण वर्मा, अनुरुध वर्मा, मुकेश सेन, गुलाब वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, विनोद साहू, बलदेव साहू, भोला चंद्रवंशी, सुमित वर्मा, राकेश वर्मा, अजय निषाद, निखिल वर्मा, लंकेश्वर वर्मा, पप्पू पनागर, शिवमंगल पटेल, दीपक, प्रदीप झारिया, ध्रुव श्रीवास, राजाराम जयसवाल, सूरज पात्रे, अनिकेश बैरागी, जीतराम धुर्वे, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, शिव चंद्रवंशी, राजेंद्र धुर्वे, आशीष कुमार दुबे, वीरेंद्र ठाकुर, मुकेश वर्मा, इंद्रजीत मोहल्ले, कीर्तन पटेल, हेमंत सोनवानी, परवीन दिवाकर, आशीष पात्रे, यज्ञा मरावी, भेजराम, मनीष सिंह राजपूत, सिद्धार्थ ठाकुर, प्रमोद कुर्रे, अनुज वर्मा, निलेश वर्मा, आशीष वर्मा, राकेश तिवारी,हेमंत वर्मा, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, अजय निषाद, विकेश कुमार साहू, सुनील साहू, कृष्णा यादव, विनोद वर्मा, राकेश वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, मनीष चंद्रवंशी, गणेश साहू, संदीप कुर्रे, मुकेश, अनिल कुमार वर्मा, दीपक पाली, धर्मराज वर्मा, अजय चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, परमेश्वर साहू, जितेंद्र कुमार पटेल, सत्यम पटेल, गया राम यादव, पप्पू पनागर, दुर्गेश वर्मा, मनोज चंद्रवंशी, केदार साहू,पप्पू यादव सहित सैकड़ों की संख्या में रक्तवीर और युवा उपस्थित रहे।

गैंदाटोला में महतारी एक्सप्रेस की सुविधा व पीएचसी में स्टॉफनर्स बढ़ाया जाए : अग्रवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गैंदाटोला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महतारी एक्सप्रेस की सुविधा देने व पीएचसी में स्टॉफनर्स बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश महासचिव व प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन अग्रवाल के मार्गदर्शन में युवा जिलाध्यक्ष टिंकू देवांगन व युवा जिला उपाध्यक्ष करन साहू के संयुक्त नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि गैंदाटोला में उपचार कराने के लिए आसपास के तीस से अधिक गांव आश्रित है, लेकिन विडंबना ऐसी है कि यहां पर गर्भवती महिलाओं के लिए महतारी एक्सप्रेस की सुविधा नहीं है। आपात स्थिति में कॉल करने पर छुरिया या अंबागढ़ चौकी से गाड़ी भेजने की बात कही जाती है, लेकिन समय पर वह भी नहीं मिल पाती। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान काफी तकलीफें का सामना करना पड़ता है। शुरुआत में यहां पर महतारी एक्सप्रेस की सुविधा दी गई थी, लेकिन अब यह सुविधा भी बंद कर दी गई है। कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने बताया कि कई बार देखा गया है। रसूखदार व पहुंच रखने वालें लोगों को जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस की सुविधा आसानी से मिल जाती है, जबकि गरीब मरीज के परिजनों को भटकना पड़ रहा है, यदि यहां पर महतारी एक्सप्रेस की सुविधा दी जाती है तो तीस गांव से अधिक ग्रामीणों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि गैंदाटोला पीएचसी में दो ही स्टॉफ नर्स है। एक नर्स के अवकाश पर चलें जाने से ग्रामीणों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, जबकि एक और अतिरिक्त स्टॉफनर्स की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य सुविधा मिलता रहे। ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि गैंदाटोला पीएचसी में महतारी एक्सप्रेस की सुविधा तत्काल शुरु किया जाएं।

इस अवसर पर करन देवांगन, सनत गंधर्व, राजू साहू, नोहर साहू, भूपेन्द्र चंद्रवंशी, करन बोरकर, राहुल देवांगन, कुलेश्वर साहू, उत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

छत्तीसगढ़ी संस्कृति ...

के लिए एक समान ममतामयी है। ब्रीफकेस के दूसरी तरफमां कामधेनु की छवि अंकित है जिसमें बछड़े को दूध पिलाती हुई गाय दर्शायी गई है जो नागरिकों के प्रति सरकार के स्नेह को दर्शाती है।

धोखे का बजट...

बजट पेश करने से पहले यदि सीएम भूपेश बघेल घोषणापत्र के 36 बिंदु भी पढ़ लेते तो बजट पढ़ने की हिम्मत न कर पाते।

साथ हीं उन्होंने किसानों के 2 साल के बकाया बोनस, शराबबंदी, 200 फूड पार्क की स्थापना का वादा, कर्मचारियों के नियमितीकरण, पत्रकार सुरक्षा कानून समेत अनेकों मुद्दों के साथ प्रदेश सरकार के बजट पर निशाना साधा।

गौरतलब है कि यह मुद्दे कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख मुद्दे है और भूपेश सरकार इन्हें पुरे करने में अब तक असफल रही है।

इस कार्यकाल के अंतिम बजट में जनता को इन वादों के पुरे होने की उम्मीदें थी लेकिन भूपेश सरकार के बजट में इन्हें स्थान नहीं मिला जिससे आमजनों में सरकार को लेकर नाराजगी भी है।

इसी बात को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसी कुशासन के अंतिम बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुरे प्रदेश को निराश किया है, इस बजट से छत्तीसगढ़ को बहुत उम्मीदें थी लेकिन आज जन-उत्थान और विकास की रुपरेखा निर्धारित करनें में यह सरकार विफल साबित हुई है।

इसके अलावा पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने चुनावी साल में बेरोजगारी भत्ते की घोषणा पर कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि चुनावी साल में सिर्फ 250 करोड़ रूपए से 10 लाख युवाओं को यह सरकार कौन से ÷एक महीने÷ का बेरोजगारी भत्ता देना चाहती है। क्योंकि प्रदेश में 19 लाख पंजीकृत युवा है और कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में 10 लाख युवाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की बात रखी थी। जिसके लिए प्रतिवर्ष 3000 करोड़ रूपये खर्च होने हैं और आज के बजट में 2 वर्षों के लिए केवल 250 करोड़ रुपये ही निर्धारित किये गये हैं, जिससे केवल 1 माह तक ही बेरोजगारी भत्ता दिया जा सकता है।

साथ ही डॉ रमन सिंह ने कहा कि कहा इस सरकार ने बेरोजगार युवाओं को 4 साल तो ठगा ही था जाते-जाते भी उनके साथ इतना बड़ा धोखा हुआ है।

खुशहाली और ...

सभी वर्गों के कल्याण तथा रोजगार मूलक विकास कार्यों के लिए सार्थक और सुदृढ़ प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्र एवं सामाजिक सुरक्षा के साथ शिक्षित बेरोजगारों को ?2500 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी के लिए? 6800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का नगर पंचायत क्षेत्रों के लिये विस्तार। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में 43 प्रतिशत की वृद्धि (प्रतिमाह रू. 500 की गई है)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि दुगुनी कर दी गयी है। छात्रवृत्ति की राशि 1000 से बढ़ाकर 1500 रू. प्रतिमाह और छात्रावास के विद्यार्थियों को भोजन सहायता योजना के तहत दी जानी वाली राशि 700 से बढ़ाकर 1200 रू. प्रतिमाह किया जाना प्रशंसनीय है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पत्रकार गृह निर्माण ऋण अनुदान योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान का प्रावधान प्रशंसनीय है। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना ?1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दुर्ग से नवा रायपुर के लिये लाइट मेट्रो सेवा नगरीय क्षेत्र में औद्योगिक पार्क के लिए ?50 करोड़ का प्रावधान। कोरबा में नवीन ताप विद्युत गृह ?25 करोड़ का प्रावधान आगामी समय के ऊर्जा की जरूरतों पर फोकस है। आज़ के बजाट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष प्रावधान है। 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिए ?807 करोड़ का प्रावधान है। राज्य में 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय ?200 करोड़ है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए ?990 करोड़ बजट में किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि मानदेय को लेकर भी आज के बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के मानदेय में वृद्धि कर 10,000 रुपए प्रतिमाह, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7500 प्रतिमाह, आंगनबाड़ी सहायिका को 5000 प्रतिमाह। मितानीनों के लिए रू. 2200 अतिरिक्त प्रतिमाह। ग्राम कोटवारों के लिए सेवा भूमि के आधार पर रू. 3000, रू. 4500 रू. 5500, रू. 6000 प्रतिमाह। ग्राम पटेलों के लिए रू. 3000 प्रतिमाह। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत रसोईयों हेतु रू. 1800 प्रतिमाह। विद्यालयों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों हेतु रू. 2800 प्रतिमाह। होमगार्ड जवानों हेतु न्यूनतम रू. 6,300 से अधिकतम रू. 6,420 प्रतिमाह। स्वावलंबी गोठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष हेतु रू. 750 एवं अशासकीय सदस्यों हेतु रू. 500 प्रतिमाह का प्रावधान है। कुल मिलाकर आज के बजट में प्रदेश के सभी वर्गों के लिए कुछ ना कुछ प्रावधान है। किसी भी तरह का कोई नया नए कर का भार जनता पर नहीं लादा गया है उसके बावजूद साढ़े तीन हज़ार करोड़ के राजस्व आधिक्य का बजट भूपेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

पवित्र मन का ...

के लिए बधाई देते हुए राजेंद्र ने समूचे प्रदेशवासियों को भी जनकल्याणकारी बजट के लिए बधाई दी है।

राजेंद्र ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, होमगार्ड के जवानों, ग्राम पटेल, मिडडे मील के रसोइये आदि वर्गों के मानदेय में बढ़ोतरी करने का प्रावधान करना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता को दर्शाता है। सिंचाई सुविधा में पिछले चार साल से लगातार वृद्धि करने के बाद इस बार भी सिंचाई संसाधनों के तहत नरवा उन्नयन का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। अन्न का उत्पादन ज्यादा हो सकेगा। वाटर रीचार्जिंग की दिशा में भी उल्लेखनीय सकारात्मक नतीजे देखने मिलेंगे।

राजेंद्र ने कहा कि सुगम यातायात के लिए नई राजधानी नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो ट्रेन चलाने का प्रावधान कर मुख्यमंत्री ने लाखों दैनिक रेल सेवा यात्रियों को बड़ी राहत दी है। इसी तरह चार नए मेडिकल कालेज, आईटीआई के उन्नयन, 101 नए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के प्रावधानों से प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शानदार बजट प्रावधानों से बच्चों, नौनिहालों और युवाओं को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

राजेंद्र ने कहा कि रीपा का उन्नयन, शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क खोलने से रोजगार के अवसर मिलेंगे। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा से युवा बेरोजगारों को बड़ी राहत मिलेगी। पत्रकारों के लिए 25 लाख रुपए के ऋण पर ब्याज अनुदान की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने राज्य के चौथे स्तंभ से जुड़े पत्रकार भाईयों को बड़ी राहत दी है। राजेंद्र ने कहा कि पेश किये गए बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यवासियों के लिए अनूठी सौगातों का पिटारा खोल दिया है। यह बजट राज्य के विकास में अहम रोल अदा करेगा।

जमीन के बदले नौकरी...

के मुताबिक, सीबीआई ने राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले ये पूछताछ सीबीआई दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गई।

तेजस्वी बोले- सीबीआई यहीं पर दफ्तर खोल लें : बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि तथाकथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआई आई है। जिस दिन से सरकार बनी है, उस दिन से यह हो रहा है। हर महीने हो रहा है। मैं तो कहता हूं कि सीबीआई आवास पर ही दफ्तर खोल दे। पहले भी इस केस की सीबीआई कई बार जांच करके बंद कर चुकी है। रेलवे ने इसे घोटाला नहीं माना है। तेजस्वी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू ने 90 हजार करोड़ का फ ायदा कराया था। उन्हें मैनेजमेंट ऑफ गुरु कहा जाता है।

सस्ती चिकित्सा सेवा...

इसमें सभी प्राणियों-मनुष्यों, जानवरों या पौधों के लिए समग्र स्वास्थ्य देखभाल शामिल है।

छत्तीसगढ़ को संवारने वाली बजट, मुख्यमंत्री का उम्दा सोच : सिदार

भटगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की अंतिम बजट एक वित्त मंत्री के रूप में आज विधानसभा की पटल रख दिया है। और इस बजट को छत्तीसगढ़ वासी एक बड़ी सौगात मान रहे है। बजट पेश होने के बाद इधर नेताओ समाजिक कार्यकर्ताओ की प्रक्रिया भी आने लगे है। बिलाईगढ विधानसभा के दमदार आदिवासी नेता सहदेव सिंह सिदार ने कहा कि भूपेश सरकार जब से आयी है छत्तीसगढ़ीया लोगो की सम्मान हो रहा है। और लगातार हर क्षेत्र में वे काम कर विगत चार साल में जो अभूतपूर्व काम किये है उसे छत्तीसगढ़ की जनता भलीभांति जानते हैं। 2023 की इस बजट में गरिब वर्ग से लेकर कर्मचारी, अधिकारी, समाजिक ,शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, जल आवास ,सडक ,बिजली सभी तरह का कामों को समावेश किया गया है। आने वाले दिनो में छत्तीसगढ़ पूरे देश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व में कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस बिलाईगढ विधानसभा में संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय की नेतृत्व मे लगातार विकास की गढ बिलाईगढ़ अपने आप में एक नये आयाम के साथ आगे बढ रहे है।

शत प्रतिशत लक्ष्य के साथ कार्य करें पूर्ण : विक्रांत सिंह

- जिला सह प्रभारी ने ली विधानसभा स्तरीय कार्यशाला

नवागढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर नवागढ़ विधानसभा की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महामाया मंदिर नवागढ़ पर किया गया। जिसमें विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री शक्तिकेन्द्रों के संयोजक सह संयोजक प्रभारी, मंडल बूथ प्रबंधन टोली के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह ठाकुर रहे। इस दौरान कार्यशाला मे जिला सह प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यो पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर प्रभावी मतदाता प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, महिला प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, वाट्सएप ग्रुप सहित प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्यीय समिति का गठन कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा की प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख भी बनाने हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रदेश संगठन की मंशा अनुसार कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य के साथ कार्य पूर्ण करना है।

नवागढ़ विधानसभा प्रभारी तोखन साहू ने कहा कि इस अभियान के तहत चार मुख्य गतिविधियां करना है। जिसमें सभी बूथों का गठन, सत्यापन व पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति नए स्तर से होगी। व्हाट्सएप समूह का गठन आईटी सेल करेगा। मन की बात कार्यक्रम की जानकारी व रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से होनी है।

पूर्व मंत्री डीडी बघेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को अब चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। सभी को अब अपने कार्यो की गति चौगुनी करनी है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने कहा कि बूथ के सशक्त होने का सीधा लाभ आगामी चुनाव में पार्टी को मिलेगा और सशक्त बूथ से प्रदेश में भाजपा सरकार की पुनः जीत सुनिश्चित है। दीवान ने कहा कि निश्चित रूप से आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी की सरकार सभी कार्यकर्ताओं के पूर्ण मेहनत से बनेगी। संचालन एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे ने किया।

इस दौरान जिला महामंत्री टार्जन साहू, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, अजय साहू, परस वर्मा, देवादास चतुर्वेदी, मधु राय, गिरेन्द्र महिलांग, हरिकिशन कुर्रे, दुर्गा सोनी, मिन्टू बिसेन,सुरेश साहू, नेमिराज सोनवानी, सुरेश निषाद, गजेन्द्र साहू, टीकम गोस्वामी, तानसेन पटेल, गोलू सिन्हा, रामसागर साहू, फुलचंद साहू, राजकुमार मिश्रा, रितेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, युवराज सिंह, रामकिशुन साहू, केदार साहू, दुर्जन साहू, मनीराम साहू, सुरेंद्र सिंह, तोपसिंह, बाबूराम रजक, वेदप्रकाश वर्मा, खेमिन बाई, राजेंद्र साहू, तनु दीवान, बालशंकर वर्मा, मिथलेश सोनकर, माणिकलाल बांधे, काल्विन जोशी, मोहन चेलक, रोहित साहू, नरेश वर्मा, मुरारी साहू, चोवा साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारत भूषण शर्मा पिता दिनेश शर्मा निवासी ग्राम आमापुरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 525/9, 10,11 कुल रकबा 2100 वर्गफुट भूमि को विक्रेता अलिम्पन मुखर्जी पिता अनिकहदा मुखर्जी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/01/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदिक भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किाय गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/3/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 31323 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/03/2023

सुनवाई दिनांक 20/03/2023

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्र.

ग्राम/शहर - आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री घनश्याम देवांगन पिता स्व. संतोष देवांगन जाति कोष्टा साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्रीमती शांति देवांगन पति स्व. संतोष देवांगन साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 62/ भूमि खसरा नं. 3378/1-2 रकबा 276 वर्गफुट/ हे. 276 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग**

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्र.

ग्राम/शहर - आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जरीना बेगम पति श्री मोहम्मद साजिद खान जाति मुसलमान साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री खोरबाहरिनबाई साहू पति स्व. कार्तिक राम साहू साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 45/ भूमि खसरा नं. 3378/1 रकबा 1033.5 वर्गफुट/ हे.1033.5 वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग**

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ अ -74वर्ष 2022-23

ग्राम - अगार प.ह.नं.-04

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के ई-कोर्ट राजस्व प्रकरण क्रमाक -202302101100040 अ/74 वर्ष 2022-23 आदेश दिनांक 23/02/2023 के संबंध में शिविर दिनांक 07/02/2023 में आवेदक पारसमल आ. धनीराम जाति सतनामी ग्राम अगार पो राजपुर तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम अगार स्थित भूमि ख.नं. 407/3 रकबा 0.31हे भूमि शासकीय मद में दिखा जा रहा है जबकि उक्त भूमि को आवेदक अपना पैतृक भूमि होने का लेख किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त संबंध में आवेदन शिविर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09/03/2023 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

सुनवाई तिथि - 09/03/2023

जारी दिनांक - 23/02/2023

सील — **नायब तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी), जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2022-2023

पक्षकार - तारनदास पिता मंगलदास

निवासी - सेम्हराडीह प.ह.नं. 39

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तारनदास पिता मंगलदास जाति सतनामी निवासी व कास्तकार ग्राम सेम्हराडीह प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सेम्हराडीह स्थित भूमि कुल ख.न. 48 कुल रकबा 8.823 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है, उक्त वादभूमि मे से ख.न. 349/3 रकबा 0.182 हे. भूमि त्रुटिवश नया किसान किताब बनाने के समय दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक रकबा 0.922 हे. है । अतः त्रुटिवश ख.न. 349/3 मे दर्ज रकबा 0.182 हे. को सुधार कर वास्तविक रकबा 0.922 हे. भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115,116 के तहत् आवेदन पत्र मय बी -1 खसरा, सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/03/2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 03/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2022-2023

पक्षकार भागमती पिता बुचवा सत.

निवासी ग्राम खैरी प.ह.नं 48

सर्व साधारण आम जनता को सूचित को किया जाता है कि आवेदक भागमती पिता बुचवा जाति सतनामी एवं अन्य 04 निवासी ग्राम खैरी प.ह.नं 48 रा.नि.मं वो तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खैरी प.ह.नं 48 तहसील पलारी स्थित भूमि कुल ख.नं. 03 रकबा 0.350 हे. भूमि आवेदिकागण की मां साधबाई बेवा बुचवा के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। आवेदिकागण की मां साधबाई की मृत्यु दिनांक 04/09/2019 को हो चुकी है एवं साधबाई की पुत्री माया बाई पिता बुचवा की मृत्यु दिनांक 01/01/2000 को हो चुकी है। इसलिए आवेदिका द्वारा उक्त भूमि से साधबाई का नाम विलोपित कर फौती दर्ज किये जाने हेतु छ. ग. भू रा संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1 खसरा व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20.03.2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 13.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार पलारी**

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्र.

ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगन्नाथ लोधी पिता श्री रामस्वरूप लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. रामरतन लोधी पिता स्व. श्रीराम लोधी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 107/ भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट/ हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग**

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्र.

ग्राम/शहर - आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रेम लाल देवांगन पिता स्व. घसिया देवांगन जाति कोष्टा साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. सरबदिया बाई पति स्व. मनराखन देवांगन साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 185/ भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट/ हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ के सपनों को पर लगाने का काम करेगा भरोसे का बजट : मिश्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य बजट 2023-24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का पांचवा बजट राज्य के लिए ऐतिहासिक है। युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ते की घोषणा से युवा वर्ग में उत्साह है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन 6500 से बढ़ा कर 10000 किया गया।। कन्या विवाह योजना की राशि 25 हजार से बढ़ा कर 50 हजार कर दी गयी है, जो राज्य के मुखिया भूपेश बघेल की संवेदनशीलता व महिलाओं के प्रति कृतज्ञता दिखतलती है। स्वस्थ के क्षेत्र में भी बड़े फैसले लिए गए हैं, जैसे अम्बेडकर अस्पताल सहित स्वास्थ केंद्रों सहित कई जिलों में नवीन मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया। पहले से ही शिक्षा में क्रांति ला चुके 101 और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की भी स्वीकृति की गई है। कोटा जा कर पढ़ने वाले बच्चों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था अब सरकार करेगी। हर एक क्षेत्र व वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाया हुआ यह बजट में बहुप्रतीक्षित लाइट मेट्रो की भी सौगात दी गयी है, जो कि शुरुवात में रायपुर से दुर्ग तक चलेगी। ग्राम पटेल से लेकर रसोइये से ले कर होमगार्ड, सफाईकर्मी, कोटवार आदि के मानदेय में वृद्धि की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि के साथ 1 लाख 15 हजार करोड़ का आज तक का सर्वाधिक बजट पेश किया है, जिसमें की पिछले वर्ष के मुकाबले 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राजनांदगांव को भी उर्वरक पार्क की सौगात मिली। कृषि के क्षेत्र में भी कई आवश्यक फैसले लिए है। सिरपुर विकास प्राधिकरण की घोषणा की गई। इसी तरह लगभग हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ इस बजट में था। खेल के क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलिम्पिक व एडवेंचर स्पोर्ट के लिए व्यवस्था जैसी कई घोषणाएं बजट में शामिल थीं।

भूपेश का बजट वाकई भरोसे का : सिन्हा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीमती रोशनी सिन्हा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट को भरोसे का बजट बताया, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान मे रखते हुए बजट पेश किया है, जो कि काफी सराहनीय है। भूपेश बघेल की सरकार 4 साल में जो उपलब्धि हासिल की है, वह पृथक छत्तीसगढ़ में कोई नहीं कर पाया था, चाहे छत्तीसगढ़ के अन्न दाताओं के बारे में हो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के मानदेय बढ़ाने के संबंध में, आज के बजट में युवाओं महिलाओं गरीबों के उत्थान की दिशा में मानदेय की बढ़ोतरी की गई है। शिक्षा के स्तर को उच्च पायदान पर पहुंचाने के लिए आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल खोलने के साथ ही साथ 101 आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा जैसे बहुत सी योजनाएं जो सिर्फभूपेश बघेल के कार्यकाल मे ही संभव हो पाया है, जिसके बारे में कोई भी सरकार कभी भी इस पर ध्यान नहीं दी थी, जो भूपेश बघेल कर दिखाया, क्योंकि भूपेश बघेल किसान पुत्र होने के साथ ही साथ जमीनी नेता है, इसलिए सबसे ज्यादा उस आधारभूत ढांचा को मजबूत करने की दृष्टिकोण से किसानों, गरीबों, महिलाओं को मजबूत करने दिशा में काम कर रहा है। किसानों के कर्ज माफी से लेकर वाजिब मूल्यों पर धान खरीदी करना अन्य राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार के लिए अनुकरणीय हो गया है, क्योंकि भूपेश बघेल के 4 साल के कार्यकाल में 2 साल कोरोना महामारी जैसे भयानक बीमारी से जूझते हुए भी विकास कार्यों में बाधा नहीं आने दिया, यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सूझ-बूझ का परिचय है।

बेरोजगारी भत्ता की घोषणा से युवाओं में हर्ष, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए गए बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता की घोषणा किए है। इससे युवाओं में खुशी की लहर छाई हुई है। कसडोल निवासी साहिल यादव एवं खम्हरिया यदु निवासी राजकुमार घृतलहरे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए 25 सौ रूपये बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की है वह काफिले तारीफएवं ऐतिहासिक कदम है। इससे बढ़ती हुई महंगाई एवं रोजमर्रा के खर्च से काफी हद तक मदद मिलेगी। बेरोजगारी भत्ता पर देने पर युवाओं ने माननीय मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रकट की है।

बेरोजगारी भत्ता से कइयों के सपनों को मिलेगा रास्ता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के मुखिया भूपेश बघेल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया जिसमें उन्होंने सभी वर्गों के लिए सौगात लायी जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई हैं राज्य सरकार की घोषणाओं से जिले की विकास को रफ्तार मिलेगी जिससे अब जिले की तस्वीर बदलेगी। दंतेवाड़ा जिले में भी बच्चों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखंड गीदम में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। बजट में पेश इस निर्णय से छात्र, छात्राओं में काफी उत्साह दिख रहा है मेडिकल कॉलेज खुलने से बच्चों को सहूलियत मिलेगी। जिले के राजू राम वाचम पी.जी कॉलेज दंतेवाड़ा के छात्र हैं उन्होंने गीदम में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की घोषणा को अच्छी पहल बताया और कहा कि जिले के आसपास के छात्रों को बेहतर सुविधा मिलेगी स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। इससे बच्चों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। आश्रम छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही दुर्गेश्वरी कहती है कि मेडिकल कॉलेज खुलने से लोग घर के समीप ही रहकर पढ़ाई कर पाएंगे आने वाली पीढ़ियां भी इसका लाभ ले पाएंगे मुख्यमंत्री कि बजट से हमें बहुत खुशी हुई है। हमारे जिले में मेडिकल कॉलेज खोलना अच्छी बात है हम यहीं शिक्षा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की नवीन योजना शुरू की जायेगी। इस पर छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया दी कि बस्तर अंचल के निवासी अपने जीविकोपार्जन के लिए कृषि पर ही निर्भर रहते है वार्षिक आय तंगी के कारण अपने आगे कि पढ़ाई करने में सक्षम नहीं हो पाते लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा बेरोजगारों को 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता मिलने से वे अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे।

होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई थाने में आज सोमवार को दोपहर 11 बजे होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई थी, बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व्यपारियो एवं अन्य ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर अवैध शराब बिक्री पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न चौक चौराहों पर लगातार पुलिस की मानिटरिंग करने की बात कही ,हाल ही में 10वी 12वी की बोर्ड परीक्षा चल रही है, इसको ध्यान में रखते हुए कही भी अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालो के खिलाफकड़ी कार्यवाही करने की बात कही गई। बैठक में तहसीलदार अमरदीप अंचल,थाना प्रभारी अनिल शर्मा,छ ग चेंबर ऑफकामर्स के सदस्य असलम मेमन, अनिल अग्रवाल, अय्यूब कुरैशी, जावेद खान, दिलीप ओगरे, लियाकत अली खान, शैलेंद्र जायसवाल, राकेश जायसवाल, नंदकिशोर साहू, ठाकुर मरकाम, सहित स्टाफउपस्थित रहे।

सड़क निर्माण में अधिकारियों व एजेंसी की हठधर्मिता, ग्रामीण हो रहे परेशान

कुसुमकसा/नवप्रदेश। झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग 930 में सड़क निर्माण में अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के हठधर्मिता के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, स्थानीय बस स्टैंड चौक में निर्माणाधीन सड़क के एक ओर पूर्व के सड़क से लगभग तीन चार फीट ऊंचा हो जाने से ग्रामीणों को सड़क से आने जाने में काफी असुविधा हो रही है ग्रामीण बस्ती से मुख्य मार्ग में आने के लिए सड़क की ऊंचाई होने व वहां पर गिट्टी डालने से दुर्घटना के शिकार हो रहे है तो वही निर्मित मुख्य सड़क मार्ग के दूसरी तरफ भी सड़क नीचे होने से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बस्ती से राष्ट्रीय राज मार्ग 930 में आने वाले मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है, तो वही एक ओर नल जल योजना के तहत कुसुमकसा में पूर्व में बिछी पाइप लाइन जो कि सड़क निर्माण के दरम्यान छतिग्रस्त हो गयी थी उसका संधारण तो किया किंतु पाइप लाइन सड़क के नीचे दब गयी है पाइप लाइन छतिग्रस्त होने से तालाबपारा में नलजल योजना का पानी नही मिलने से काफी परेशानी हुई तो ग्राम पंचायत ने आमापारा में संचालित नलजल के पाइप लाइन से तालाबपारा के पाइप लाइन से जोड़कर वैकल्पिक पानी की व्यवस्था कर दी है ,किंतु आने वाले गर्मी के दिनों में आमापारा से संचालित नलजल योजना के बोर से पानी कम हो जाने से ग्रामीणों को पानी के किल्लत का सामना करना पड़ेगा, राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के निर्माण के पूर्व नलजल योजना के तहत बिछी पाइप लाइन का व्यवस्थापन को लेकर जिला प्रशासन व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नल जल योजना के पाइप लाइन का व्यवस्थापन नही किये व बिछी हुई पाइप लाइन के ऊपर ही सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है ग्रामीणों ने नलजल योजना के तहत पूर्व में बिछी पाइप लाइन का व्यवस्थापन जल्द से जल्द कराने की मांग की है।

सरकारी अस्पताल बना रेफर सेंटर, मरीज परेशान

■ **डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा स्वास्थ्य केंद्र, आपातकाल में भरोसेमंद नहीं अस्पताल**

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत खरोश के सरकारी अस्पताल डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। यह खरोरा नगर लगभग 80 गांवों का सेंटर है। यहां रोजाना सैकड़ों मरीज एकमात्र सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आते हैं। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं है जिसके चलते लोगों को समय पर नहीं मिल पाता है और उन्हें इधर-उधर पटकना पड़ता है। डॉक्टरों की कमी का बोझ गरीब

तबके के मरीजों के लिए आर्थिक क्षति साबित हो रही है। क्योंकि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज महंगा। राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ करने का दावा कर रही है, जबकि हकीकत कोसों दूर है। चिकित्सकों की कमी के चलते सारे दावे जमीन पर हवा-हवाई साबित हो रहे है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या काफी कम है। लिहाजा मरीजों का सही समय पर सही इलाज हो पाना मुश्किल होता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इसी क्रम में खरोरा कस्बे का एक मात्र अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय भी इन दिनों चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल या फिर रायपुर की राह पकड़नी पड़ रही है। सामान्य दिनों में तो इलाज में नहीं है, आपातकालीन में स्थिति और भी भयावह रहती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को ओपीडी में इन दिनों रोजाना 60 से 70 मरीज दर्ज हो रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पताल में इलाज के इंतजाम कम पड़ रहे हैं। अस्पताल में नौ डॉक्टर होनी चाहिए। वर्तमान में सिर्फ तीन डॉक्टर पदस्थ है। जानकारी के अनुसार कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बीमारियों का इलाज कराने खरोरा आते हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। स्थिति यह है कि आपातकालीन में डॉक्टर नहीं है जिसके चलते लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और इधर-उधर भटकना पड़ता है।

त्यौहारी सीजन में बिक रहा सड़ा मांस खाद्य विभाग बेखबर : परवेज गौरी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के मटन मार्केट में खुलेआम धड़ल्ले से सड़े-गले मांस को त्योहारी सीजन में बड़े पैमाने पर खा पाया जा रहा है। त्यौहार के चलते आम लोग चिकन एवं मटन खरीद रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह काफी हानिकारक है, क्योंकि ना तो इनकी जांच हो रही है और ना ही विभाग इनका निरीक्षण कर रहा है, इसके चलते मटन मार्केट में खुलेआम दूषित मांस बेचा जा रहा है।

बता दें कि मटन मार्केट के व्यापारी त्योहारी सीजन का फायदा उठाकर खुलेआम सड़े-गले मांस खुलेआम बेच रहे हैं, जो कि आम आदमी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। बावजूद इसके इस मामले में ना तो नगर निगम प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही खाद्य विभाग, जिसके चलते लोगों के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। शहर के हर गली-नुक्कड़ पर मांस बेचने की दुकानें खुली हुई है, जो कि अवैध भी हैं और बिना लाइसेंस के यहां पर सड़ा गला मांस खाया जा रहा है। इस मामले में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष परवेज गोरी ने कहा है कि नगर निगम प्रशासन अगर इस मामले में जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं करता तो वह इस मामले को लेकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी।

रेलवे सुविधा बढ़ाने व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। राजहरा व्यापारी संघ में रेलवे जोन के महाप्रबंधक को दल्लीराजहरा आगमन पर ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि दल्ली राजहरा में लौह अयस्क की खदानें हैं यहां का आयरन ओर भिलाई इस्पात संयंत्र को 65 वर्षों से निरन्तर प्रदान किया जा रहा है। इस शहर की आबादी 1 लाख से भी अधिक थी पर आज यहां कोई भी रोजगार के अवसर नहीं होने, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा नहीं होने से निरन्तर पलायन होने के कारण यहां की जनसंख्या लगभग 40 से 45 हजार में सिमट गई है। यह बालोद जिले का सबसे बड़ा शहर है, सबसे ज्यादा जनसंख्या, सबसे ज्यादा राजस्व प्रदान करने के साथ सुदुर आदिवासी अंचल कांकेर, नारायणपुर, मानपुर मोहला जिले से लगा हुआ है। यह शहर जल-जंगल-जमीन की पर्याप्त उपलब्धता से परिपूर्ण है, जो कि किसी क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरन्तर उजड़ते हुये राजहरा नगर को बचाने विगत 20-25 वर्षों से हम मांग करते आ रहे हैं किन्तु सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है। हम आपसे इस शहर को बचाने हेतु निम्न मांगें करते है और आशा करते हैं कि हमारी मांगों को आप शीघ्रता से पूर्ण करेंगे।

101 बल्क लीटर शराब जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के आबकारी अमला द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर अवैध शराब के बिक्री व भण्डारण के विरूद्ध छापामारी कार्यवाही कर 5 प्रकरण में कुल 101.54 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीडिपा निवासी मैतुराम कमार, रामसिंह कमार से 5 लीटर वाली 10 प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई 50 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा देवभोग के ग्राम छैला निवासी चमरू यादव से एक प्लास्टिक बोरी में 200 मिली लीटर कुल 40 बल्क लीटर बरामद कर धारा 34(1)क, 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार देवभोग के ग्राम कोदोभाठा निवासी प्रेमलाल गाड़ा से 22 नग ट्रीपल लाल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब कुल 4.4 बल्क लीटर, ग्राम मदानमुड़ा निवासी भुपेन्द्र सागर से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 18 नग उड़िसा प्रांत की विदेशी शराब फ्रंटलाईन कुल 3.24 बल्क लीटर शराब और देवभोग अंतर्गत ग्राम बजाड़ी निवासी बसंत कुमार यादव से उड़िसा प्रांत की किंगफिसर बियर 5 नग कुल 3.9 बल्क लीटर बरामद कर धरा 34(1)क के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। छापामारी के कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उपनिरीक्षक विजयेन्द्र कुमार व दरस राम सोनी, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, सैनिक पद्मन साहू, मिथलेश सिन्हा, महिला सैनिक हेमबाई साहू, कामिनी सोनी, शैलेन्द्र कुमार कश्यप, गोवर्धन सिन्हा और कुलेश्वर निषाद का योगदान रहा।

श्री मारूति महायज्ञ के लिए 10 को धरती पूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। छह अप्रेल से शहर के दादाबाड़ा में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय श्री मारूति महायज्ञ के लिए दस मार्च को सुबह आठ बजे धरती पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री मारूति महायज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। इसके लिए समिति बनाकर जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। श्री मारूति महायज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि छह अप्रैल से कलश यात्रा के साथ श्री मारूति महायज्ञ की शुरूआत होगी। इसके लिए दस मार्च की सुबह आठ बजे धरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों को उपस्थिति की अपील की गई है।

8 को रहेगा शुष्क दिवस

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने 08 मार्च 2023 को होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन जिले की समस्त देशी,विदेशी, कम्पोजिट मंदिरा की फुटकर दुकाने पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर ने 08 मार्च को घोषित शुष्क दिवस का पूर्णतः पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

इंटक नेताओं ने दिलाया मजदूर को मजदूरी

खरोरा/नवप्रदेश। इंटक नेता चंदू टांडी कमल बांधे पत्रकार खिलेश्वर साहू के द्वारा सिक्योरिटी कंपनी पर दबाव बनाने के बाद मजदूर सिक्योरिटी गार्ड चंदेश्वर सूरी कांकेर निवासी को उनकी मेहनत का पेमेंट दिलाया गया मजदूर सिक्योरिटी गार्ड चंदेश्वर सूरी को कंपनी मैनेजर चौधरी द्वारा पेमेंट के लिए 1 महीने से बहाना बनाया जा रहा था जिससे मजदूर मानसिक रूप से परेशान हो चुका था तथा मजदूरी का पैसा नहीं मिलने की उम्मीद छोड़ दिए थे इंटक नेताओं से संपर्क करने के पश्चात तत्काल कंपनी मैनेजर चौधरी से मोबाइल पर बात करने के पश्चात उल्टा मजदूर पर नियमों के अनुसार काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए एक महीने बाद पेमेंट करने के बाद कहा गया जिसके पश्चात जिसके पश्चात इंटक नेताओं ने श्रम विभाग रायपुर के अधिकारियों से संपर्क कर केस दर्ज करने की मांग के साथ ही सिक्योरिटी कंपनी के लाइसेंस को रद्द करने की मांग किया गया अन्यथा श्रम विभाग कार्यालय एवं सिक्योरिटी गार्ड कार्यालय का घेराव करने की तैयारी को देखते हुए अंततः मजदूर संदेशवर सॉरी को उनकी डेढ़ महीने का वेतन का भुगतान दिनांक 03,03,2023 को इंटक नेताओं के समक्ष किया गया इस अवसर पर इंटक के लगभग 35 कार्यकर्ता उपस्थित थे जिनमें राजकुमार कुर्रे प्रेमलाल गिलहरी संतोष टंडन युधिष्ठिर पटेल लालाराम बघेल रामस्वरूप कोसले अनीता पटेल राजेश्वरी शिवारे रितु वर्मा मालती भट्ट कुसुम बंजारे धनेश्वरी कुर्रे ममता खूंटी गणेश टंडन अशोक कोसरिया आदि थे।

धर्म की स्थापना के लिए होता है, भगवान का अवतार

खरोरा/नवप्रदेश। गोपाल परमार्थ सेवा चेरीटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पूज्य आचार्य विष्णुगोपाल जी महाराज के सानिध्य में 1 से 7 मार्च 2023 खपरीपुरी धाम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर महाराज ने प्रभु के वामन अवतार के वृतांत का विस्तार पूर्वक वर्णन भक्तों को करवाया एवं कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। कथा के चौथे दिन सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने महाराज जी के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की शुरुआत भागवत आरती और हरिनाम संकीर्तन के साथ की गई।

कथा की शुरुआत महाराज श्री ने बहुत ही सुंदर भजन 'मीठे रस से भरी रे राधा रानी लागे से की' उसके बाद महाराज श्री ने बताया की आज का मनुष्य पैसा कमाने के चक्कर में इतना व्यस्त हो गया है की वो अपने परिवारजनों और रिश्तेदारों के कनेक्शन में रहने के बजाए मात्र उनके कॉन्टेक्ट का हिस्सा बन कर रह गया है।

महाराज श्री ने बताया की आज के जीव के लिए अच्छी बाते सीखना तो बहुत आसान है लेकिन बुरी आदतों को छोड़ना उसके लिए बड़ा मुश्किल है, लेकिन अगर जीव दृढ़ संकल्प कर लें तो वो जो चाहे वो कर सकता है बस ये विश्वास आपको अपने अंदर लाना होगा।

वनांचल क्षेत्र घोटिया में लगायी छायाचित्र प्रदर्शनी

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। जिला जनसम्पर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनहितैषी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी में लगाई गई। छायाचित्र प्रदर्शनी को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा 5 मार्च को डौंडी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी को अवलोकन करने काफी संख्या में सभी वर्ग के लोग पहुंचे और शासन की योजनाओं की सराहना की।। उल्लेखनीय है कि जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ कृष्ण कुंज, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आदि को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में जनसम्पर्क विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री हेमसिंग साहू द्वारा आने वाले लोगों को छायाचित्र प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही शासन की योजनाओं पर आधारित पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।

फिर फर्राटेदार भरकर निकली मजदूरों से लदी गाड़ियां

■ **मौत के इंतजार में प्रशासन, कोई सुधार नहीं**

खरोरा/नवप्रदेश। सप्ताह भर पहले 50 मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई थी जिसमें दो महिला मजदूर के हाथ व एक की अंगुली कट गई और 35 मजदूर घायल हुए थे। इन सब का इलाज नगर के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना की वजह थी 50 मजदूरों को जानवरों की तरह ठूंस ठूंस कर ओवरलोड पिकअप को अनियंत्रित चलाया जा रहा था। रोजाना नगर में इस तरह की पिकअप में मजदूर भरकर लाना ले जाना बदस्तूर पुनः चालू हो गया हैं। दुर्घटना के मात्र दो दिन तक इस तरह के पिकअप नही दिखी अब फिर बेखोफ सड़कों पर दौड़ रही है।

नगर परिवहन व्यवस्था के नाम पर मजदूरों और गरीबों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। पिकअप मेटाडोर वाहन ओवरलोड मजदूरों को लादकर बेखौफफर्राटे भर रहे हैं। चंद रुपयों की खातिर परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन के अनदेखी से अवैध मालवाहक वाहन पर मजदूरों को भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। दुर्घटना हो जाने के बाद प्रशासन लीपापोती में जुट जाती है वहीं आला अफसर जांच का आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर कर लेते हैं।

सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रोज मालवाहकों में मजदूरों ढोए जा रहे हैं। सप्ताह भर पहले मालवाहकों से हादसे होने के बाद भी किसी ने सबक नहीं लिया है, न ही संबंधित विभाग ने और न ही जिम्मेदार सीआईएल प्रबंधन ने। प्रशासन भले लगातार कार्रवाई के दावे कर रही है।

नगर में सबसे बड़ी सीआईएल बाड़ी हैं, जिसमें कार्य करने के लिए आसपास के इलाके से प्रतिदिन सैकड़ों मजदूर आते हैं। पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा न होने के नाते उन्हें मालवाहक पिकअप मेटाडोर वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। सुबह और शाम के नजारे को देखकर लोगों के होश उड़ जाते हैं जब ठूंस-ठूंस कर मजदूरों को भरा जाता है।

नौ सिखियों से सबसे ज्यादा खतरा

एक दो माह वाहन चालक का सहायक बन का ड्राइवर बनने वाले नौसिखियों वाहन चालकों के कारण सड़क दुर्घटना में मौतों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ट्रैक्टरों की स्थिति यह है कि मजदूर ही ट्रैक्टर चलाने लगे।

आसपास गांवों के जाने के दौरान पिकअप के ढाले व लटक कर भी यात्री जान जोखिम में डालकर दूरी तय करते हैं। इस रूट पर दर्जनों मालवाहक वाहन मजदूरों को ढोने के कार्य में लगाए गये हैं। नगर परिक्षेत्र में दर्जनों मैजिक, पिकअप, बिना दस्तावेज के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो प्रतिदिन क्षमता से चार गुना अधिक मजदूरों को लाते ले जाते हैं। यही नहीं, प्रतिदिन थाने के सामने से मालवाहक वाहन संचालक बेखौफहोकर मजदूरों को लाते उतारते हैं। थाने से चंद कदमों की दूरी पर सीआईएल बाड़ी का संचालन किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र के गरीब तबके के लोग आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से मजदूर एजेंट इनका फायदा उठाने गांवों में वाहनों को भेजते है। और ओवरलोड भरकर गंतव्य की ओर निकल जाते हैं लिहाजा इसके लिए मालवाहकों वाहनों का ही सहारा रहता है।

भूपेश कार्यकाल के अंतिम बजट को सत्ता व संगठन ने सराहा तो विपक्ष ने निराशाजनक और वादा खिलाफी का तमगा दिया



मुख्यमंत्री योजना

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता राशि में बढ़ोतरी, (38 करोड़) 25000 की जगह 50 हजार
- मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना, 100 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री धरोहर दर्शन योजना शुरू की जायगी। योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को राज्य संरक्षित धरोहरों का दर्शन कराया जाएगा
- मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत पहुँचमार्ग निर्माण के लिए 150 करोड़ का प्रावधान।

पानी, बिजली, सड़क और मूलभूत सुविधाएं

- सड़कों के लिए 500 करोड़ का प्रावधान।
- तेलीबांधा फ्लाई ओवर निर्माण के लिए राशि का प्रावधान।
- ग्रामीण मार्गों के निर्माण (नाबार्ड से) में 150 करोड़ का प्रावधान।
- रायपुर के शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ी करण में लिए 10 करोड़ का प्रावधान

विकास को मिलेगा आयाम

- रीपा का शहरी क्षेत्र में भी स्थापना
- बैकुंठपुर में नवीन हवाई पट्टी, कोरबा में व्यावसायिक पट्टी निर्माण का प्रावधान।
- 97 नवीन न्यायालयों की स्थापना, 23 करोड़ 25 लाख का प्रावधान।
- झीरम में स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना।
- नारायणपुर में मलखम्ब अकादमी की घोषणा
- कुनकुरी में एडवेंचर स्पोर्ट सेंटर की घोषणा
- छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के लिए 25 करोड़ का प्रावधान

शिक्षा

- 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाएंगे
- मनेंद्रगढ़ ,जांजगीर- चांपा, कवर्धा और गीदम में नए मेडिकल कॉलेज, 200 करोड़

- राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना की शुरुआत
- मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी परख सम्मान योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- प्राथमिक एवं उच्चतर शिक्षा के विकास के लिए 400 करोड़ का प्रवधान
- प्रदेश के चयनित अंग्रेजी महाविद्यालयों महासमुन्द, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़ में 4 महाविद्यालय भवन निर्माण का प्रावधान।
- 23 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना का प्रावधान।
- राज्य रिसर्च फैलोशिप योजना प्रारंभ की जाएगी।
- 36 शासकीय आईटीआई संस्थानों के लिए 100 करोड़ का प्रावधान।

संवेरगा नया रायपुर

- मुख्यमंत्री ने की नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो की घोषणा
- नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो
- नवा रायपुर के जंगल सफारी के उन्नयन के लिए 11 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में खुलेगी विश्वस्तरीय बैडमिंटन अकादमी
- 50 रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रावधान।
- खारुन नदी पर रिवर फ्रंट के लिए 10 करोड़ का प्रावधान।
- नवा रायपुर एयरपोर्ट के पास, एयरोसिटी के लिए 2 करोड़ का प्रावधान।

4 नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा, 10 से बढ़कर होगी 14

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। इसमें छत्तीसगढ़ में चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है। सूबे के मनेंद्रगढ़ ,जांजगीर, कवर्धा और औद दंतेवाड़ा के गीदम में नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। प्रदेश में पिछले 22 साल में 10 सरकारी मेडिकल खुल चुके हैं। चार और नए कॉलेज खुलने से उन छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी, जो नीट यूजी की तैयारी कर रहे हैं। कवर्धा, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़ व दंतेवाड़ा में नया मेडिकल कॉलेज खुलने से प्रदेशभर के छात्रों को फायदा होगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा, महासमुंद, कांकेर, जगदलपुर, दुर्ग और अंबिकापुर में मेडिकल की पढ़ाई हो रही है।

खेती-किसानी के लिए भी सौगात

एक करोड़ साल लाख मीट्रिक टन उपार्जित किया है। राजनांदगांव, रायगढ़ जिले में नवीन उर्वरक प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेटअप के लिए प्रावधान किया गया है। रासायनिक एवं जैविक कीटनाशकों की गुणवत्तायुक्त परीक्षण हेतु रायपुर में नवीन प्रयोगशाला की स्थापना का प्रावधान किया गया है। आधुनिक तकनीकों के प्रदर्शन हेतु रायपुर अटल नगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। वहीं, विकासखंड मुख्यालय में किसानों को गुणवत्ता युक्त पौधे उपलब्ध कराने हेतु अनुसंधान केंद्र की स्थापना हेतु दो करोड़ का प्रावधान किया गया।

मानदेय में वृद्धि

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु रू. 10,000 प्रतिमाह
- मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु रू. 7500 प्रतिमाह
- आंगनबाड़ी सहायिका हेतु रू. 5000 प्रतिमाह
- मितानीनों के लिए रू. 2200 अतिरिक्त प्रतिमाह
- ग्राम कोटवारों के लिए सेवा भूमि के आधार पर 3000, 4500 5500, 6000 प्रतिमाह
- ग्राम पटेलों के लिए रू. 3000 प्रतिमाह
- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत रसोईयों हेतु रू. 1800 प्रतिमाह
- विद्यालयों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों हेतु रू. 2800 प्रतिमाह
- होमगार्ड जवानों हेतु न्यूनतम 6,300 से अधिकतम रू. 6,420 प्रतिमाह
- स्वावलंबी गोठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष हेतु रू. 750 एवं अशासकीय सदस्यों हेतु रू. 500 प्रतिमाह

महिलाओं के प्रति असंवेदनशील सरकार : भावना बोहरा

मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि राज्य सरकार के घोषणा पत्र में किये गए खोखले वादों की तरह यह बजट भी खोखला है। एक बार पुनः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं को अनदेखा किया गया और बजट में उनके स्वरोजगार एवं सुरक्षा को लेकर कोई भी बड़ी घोषणा नहीं की। यह महिलाओं के प्रति राज्य सरकार की असंवेदनशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि विगत 4 वर्षों में जिस प्रकार महिलाओं के साथ अत्याचार एवं हिंसा के मामले प्रदेश में बढ़ें हैं उसके लिए जरुरी है कि गंभीरता से विचार किया जाए उसे रोकने के लिए योजना बनाई जाए। महिलाओं के रोजगार एवं उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया जो की निराशाजनक है। अपने घोषणा पत्र में उन्होंने प्रत्येक जिले में विशेष महिला सेल स्थापना करने की घोषणा की थी लेकिन विगत 5 बजट में उसे लेकर अभी तक कोई भी कार्य नहीं हुआ है।

प्रतिक्रिया

गांव, गरीब और किसानों का बजट : रमेश

छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य एवं नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के पूर्व अध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट गांव, गरीब और किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के हर वर्गों के लिए महत्व पूर्ण बजट है इस बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, ग्राम पटेलो, मध्यान भोजन के अंतर्गत रसोइयों, होमगार्डों के मानदेय बढ़ाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किए हैं, रीपा योजना को शहरी क्षेत्रों में भी प्रारंभ करने से बेरोजगार युवा, युवतियों रोजगार उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा।

लोक हितकारी बजट : नरेश ठाकुर

कांकेर के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पर्यटन मंडल सदस्य छत्तीसगढ़ शासन नरेश ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ का अंतिम बजट में छत्तीसगढ़ की जनता किसान शासकीय अधिकारी कर्मचारी को राहत देने वाला लोक हितकारी बजट पेश हुआ है। मुख्यमंत्री के बजट से पूरा छत्तीसगढ़ में सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सभी को खुश करने वाला बजट पेश किया गया है। मुख्यमत्री के दूरगामी सोच का परिणाम से ही छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की नई गाथा लिख रहा है। छग विधानसभा सत्र के अंतिम बजट में छत्तीसगढ़ में बजट ऐतिहासिक बजट पेश कर विपक्ष को चित कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार भारी बहुमत से चुनाव जीत कर सरकार बनाने जा रही है।

बजट को लेकर सरकार पर बरसे बीजेपी के नेता

रायपुर/नवप्रदेश। एकात्म परिसर में आज प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकार वार्ता लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की तीखी आलोचना की। इससे पूर्व इन नेताओं ने कहा कि सैकड़ों कर्मचारी सड़क पर है और सरकार सदन में उनके मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज हमने सदन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, सहायक शिक्षक और 5 लाख से ज्यादा आंदोलनरत कर्मचारी, पुलिस के जवान, सरकार से चर्चा करना चाहते थे परंतु सत्ताधारी दल सच्चाई सुनना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने चुनाव पूर्व अपने जारी जन घोषणापत्र में वादा किया था कि आंदोलनरत कर्मचारियों की मांगों को हम पूरा करेंगे। परंतु कांग्रेस की यह सरकार अब वादे से मुकर रही है। कर्मचारी सड़कों पर उतरे हुए हैं। पूरे प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। इन बातों को लेकर हम चाहते थे सदन में चर्चा हो। परंतु राज्य शासन कोई चर्चा नहीं करना चाहता।

अब क्योंकि चला-चली की बेला है इसलिए अपनी सक्रियता दिखाने के लिए विपक्षी दल को बोलने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर शुन्यकाल में हम सदस्यों का अधिकार है, व्यवस्था का प्रश्न उठाना हमारा हक है। प्रश्नकाल में प्रश्न पूछना सभी सदस्यों का अधिकार है। उसको भी सत्ता दल बाधित करता है तो मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की जो उच्च परंपरा रही है उसको तोड़ने का काम, लोकतंत्र की हत्या का काम सत्ताधारी दल कांग्रेस कर रहा है।

पत्रवार्ता में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, धरमलाल कौशिक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, सौरभ सिंह उपस्थित थे।